विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, कार्नर टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
सही दाम विश्वसनीयता का प्रतीक
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026


वर्ष 35 अंक 234 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 25 मई 2024 डाक 26 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**
मंडी में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अभिनेत्री और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत



**देश-विदेश**
सिंगापुर एयरलाइंस में टर्बुलेंस से टूटी 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी, एयरलाइंस ने उड़ान में खाना परोसने के बदले नियम




**फीचर पेज**
गर्मी के कारण आने लगे चक्कर तो बचने का यह है आसान तरीका, लू लगे इससे पहले ही कर लें ये काम



# बेमेतरा में बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट, हादसे में 10 लोगों की मौत, घायलों को रायपुर एम्स किया गया भर्ती

**बेमेतरा, 25 मई [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा से बड़ी खबर आ रही है। यहां एक बारूद फैक्ट्री में ब्लास्टिंग की खबर है। बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। खबरों के अनुसार ब्लास्टिंग में दस लोगों के मारे जाने की खबर है। इस जोरदार धमाके में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। धमाके में घायलों को रायपुर के एम्स में भर्ती किया गया है। घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में हैं। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं जिला प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पहुंच गई है। यह पूरी घटना बेमेतरा के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी का है । छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां फैक्ट्री में ब्लास्ट से कई लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। सूचना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। वहीं घटना के बाद रायपुर और दुर्ग से दमकल वाहन और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम रवाना हो गई है। रायपुर से एक और दुर्ग से दो दमकल की वाहन मौके के लिए रवाना हुए हैं। वहीं रायपुर से एसडीआरएफ की 20 सदस्यीय रेस्क्यू टीम रवाना हुई।

जानकारी के अनुसार यह घटना बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी की है। यहां बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। इनकी चपेट में आने से कई लोगों के मारे जाने की खबर है। जबकि कई लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बारूद फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे। बारूद फैक्ट्री में होते ही पूरा इलाका दहल गया। पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोग घरों से निकलकर इधर-उधर देखने लगे। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

वहीं पूर्व सीएम ने अपने ट्वीट में लिखा, बेमेतरा में बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट से 10 श्रमिकों के असामयिक निधन का दुःखद समाचार मिला। ईश्वर से मृतात्माओं को सद्गति देने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। सूचना है कि 3 घंटे तक बचाव दल नहीं पहुँचा है। शासन, प्रशासन बचाव कार्य सुनिश्चित करे एवं पीड़ितों को उचित मुआवज़ा दे। शांतिः.....

## महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठीं



**अनंतनाग।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती शनिवार को धरने पर बैठ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटिंग प्रक्रिया में भागीदारी को रोकने के लिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की उम्मीदवार महबूबा मुफ्ती ने बिजबेहरा इलाके में श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे को जाम कर दिया और हाईवे पर ही धरने पर बैठ गईं। महबूबा मुफ्ती ने दावा किया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं और कुछ मतदान एजेंटों को वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेने से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया है।

## नौतपा लगा, 2 जून तक के लिए अलर्ट

**रायपुर।** आज से नौतपा शुरू हो गया है। 2 जून तक 9 दिन साल के सबसे गर्म दिन होते हैं। अगले 48 घंटे हीट वेव जैसी स्थिति नहीं रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक 27 मई से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। आज रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में अंधड़ चलने के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। प्रदेश में समुद्र की ओर से बड़ी मात्रा में नमी आने कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से कम है।

## पुणे के बाद अब नागपुर में बेकाबू कार ने 3 लोगों को कुचला, गुस्साई भीड़ ने की जमकर तोड़फोड़



**नागपुर, 25 मई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में तेज रफ्तार का कहर नहीं थम रहा है। पुणे पोर्श एक्सीडेंट मामले के बाद अब नागपुर में भी एक बेकाबू कार ने एक बच्चे समेत 3 लोगों को टक्कर मार दी। घटना कल शाम को कोतवाली पुलिस की सीमा के जेंडा चौक इलाके में हुई है। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला, तीन साल का बच्चा और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। समाचार एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। नागपुर के डीसीपी गोरख भामरे ने बताया, कोतवाली पुलिस स्टेशन के जेंडा चौक इलाके में रात करीब 8.30 बजे एक तेज रफ़्तार कार ने एक महिला, उसके बच्चे और एक अन्य व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए।

लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने मामले के सिलसिले में तीन युवकों और कार चालक को हिरासत में लिया है। कार से शराब की बोतलें और नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और मामला दर्ज किया जा रहा है।

## सोनिया-राहुल के साथ ही वाड्रा परिवार ने किया मतदान



**नईदिल्ली, 25 मई [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीटों पर मतदान जारी है। इस बार यहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आपस में गठबंधन कर चुनाव लड़ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पार्टी जहां 4 सीट पर लड़ रही है, वहीं कांग्रेस ने 3 सीट से संतोष कर लिया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी सुबह करीब 9.30 बजे मतदान करने पहुंचे। यह पहला मौका है जब गांधी परिवार ने गैर कांग्रेसी उम्मीदवार को वोट किया है। इसी तरह प्रियंका वाड्रा और उनके बच्चों ने भी इसी सीट पर मतदान किया। दरअसल, गांधी परिवार के ये तीनों सदस्य (सोनिया, राहुल और प्रियंका वाड्रा) जिस नई दिल्ली सीट से मतदाता हैं, वो इस बार आम आदमी पार्टी के खाते में गई है। नेहरू-गांधी परिवार के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब कोई सदस्य कांग्रेस के अलावा किसी अन्य दल के लिए मतदान करेगा। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और आप के बीच हुए गठबंधन को ठगबंधन करार दिया और इसे विरोधाभासों से भरा बताया। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस और आप पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी जबकि अन्य राज्यों में एक साथ लड़ने की कोशिश करेंगी। यह वास्तव में ठगबंधन है।

## छठे चरण की कुछ महत्वपूर्ण सीटें, फिल्मी अभिनेता और पूर्व सीएम सहित बड़े हस्ती आजमा रहे किस्मत



**दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर छठे चरण का मतदान 25 मई को किया जा रहा है। 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। इन 58 सीटों में कुछ सीटें ऐसी हैं जो बेहद हॉटसीट मानी जा रही है। एक तरफ जहां आजमगढ़ से भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ चुनावी मैदान में हैं। वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में हम आपको बताएंगे उन महत्वपूर्ण सीटों के बारे में जिनकी चर्चा जोरों पर है। दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर छठे चरण का मतदान 25 मई को किया जा रहा है। इन 58 सीटों में कुछ सीटें ऐसी हैं जो बेहद हॉटसीट मानी जा रही है। एक तरफ जहां आजमगढ़ से भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ चुनावी मैदान में हैं। वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में हम आपको बताएंगे उन महत्वपूर्ण सीटों के बारे में जिनकी चर्चा जोरों पर है।

## आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने वोट डालने के बाद कहा, धीमी वोटिंग पर अधिकारियों से करेंगे अनुरोध



**नई दिल्ली।** लोकतंत्र के महापर्व में शनिवार को दिल्ली की सभी सातों सीटों पर मतदान चल रहा है। सुबह से ही लोग अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही हर पार्टी के नेता भी अपने मतदान स्थल पर पहुंच कर अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने भी अपना वोट डाला। अपने मत का प्रयोग करने के बाद आप नेता आतिशी ने लोगों से अपील कि आज आप सभी अपना वोट महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ, तानाशाही के खिलाफ डालें। जिस तरह से विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, उसके खिलाफ वोट डालें।

## अनंतनाग-राजौरी में मतदान जारी, लोगों में उत्साह

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में शनिवार सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो चुकी है, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगी। लोगों में मतदान को लेकर उत्साह दिख रहा है। सुबह से ही लोग मतदान केंद्रों पर लाइन में लगकर वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। चुनाव अधिकारियों ने भी कहा था कि निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदान होने की उम्मीद है। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान अनंतनाग में केवल 9 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि राजौरी और पुंछ में 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां के कुछ हिस्से घाटी में सबसे ज्यादा आतंकवाद से प्रभावित जिले हैं। निर्वाचन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सीएपीएफ और स्थानीय पुलिस की तैनाती के साथ बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है, ताकि लोग बिना डर के घरों से बाहर निकलकर वोट डाल सकें। चुनाव आयोग ने 18,36,576 वोटरों के लिए 2,338 मतदान केंद्र बनाए हैं। कुल मतदाताओं में 9,33,647 पुरुष, 9,02,902 महिला और 27 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

## छपरा चुनावी रंजिश को लेकर ताबड़तोड़ एक्शन, वैशाली तक पहुंची गोलीकांड की आंच, राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड सस्पेंड

**हाजीपुर, 25 मई [एजेंसी]।**



छपरा चुनावी हिंसा की आंच वैशाली पहुंची गई है। इस मामले में एसपी हर किशोर राय ने वैशाली जिला बल के एक सिपाही को निलंबित कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के अंगरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सिपाही पर बिना आदेश के सारण जिले में उपस्थिति को एसपी ने गंभीरता से लिया है। छपरा चुनावी हिंसा के वायरल वीडियो और फोटो में उक्त सिपाही को देखा गया है। जिसके बाद एसपी द्वारा ये कार्रवाई की गई है। इस संबंध में एसपी हर किशोर राय के कार्यालय से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि वैशाली जिला बल के सिपाही नंबर 108 आफताब आलम, जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के अंगरक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था।

ज्ञात हो कि व्हाट्सएप के माध्यम से एक फोटो और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सिपाही आफताब आलम दिखाई दे रहे हैं। वायरल फोटो एवं वीडियो से उनकी उपस्थिति सारण जिले में होने की पुष्टि हो रही है। वायरल फोटो एवं वीडियो की जांच में फोटो एवं वीडियो सही पाया गया।

## माओवादियों के ट्रेनिंग कैम्प धवस्त किए गए



**रायपुर, 25 मई [एजेंसी]।**

नारायणपुर में माओवादियों के ट्रेनिंग कैम्प धवस्त किए गए है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में नक्सलियों की प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं। जवानों को नक्सलियों की सटीक लोकेशन मिल गई। तब इलाके की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए तीन जिलों नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा पुलिस को ऑपरेशन के लिए उतारा गया। कल रात 11 बजे तक रेकावाया के जंगलों में जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर रखा था। दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही थी। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों के अबूझमाड़ में डेरा जमाने की बात सामने आई थी। रेकावाया गांव के पास मारे गए 8 माओवादियों के शव बरामद किए गए थे।

## पेड़ से टकराई कार, किशोर की मौत



**बालोद।** भाई को रेलवे स्टेशन लेने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई वहीं, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दल्लीराजहरा के चिखलकसा घोठिया मार्ग के पास हुआ। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक तीन युवकों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में 17 वर्षीय योगेश कुमार पिता गेंदलाल खुरस्याम की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घोठिया निवासी टीचर देवेंद्र ठाकुर जो भाजपा नेत्री अनिता कुमेटी का देवर है, उसका पुत्र यश ठाकुर जो रायपुर से अपने घर आने ट्रेन से आ रहा था और ट्रेन से दल्लीराजहरा पहुंचा था इसको लेने देवेंद्र कुमेटी की कार लेकर 3 युवक दल्लीराजहरा जा रहे थे रास्ते में अनियंत्रित हो गई। कार पेड़ से टकरा कर पलट गई और घटना में योगेश कुमार पिता गेंदलाल खुरस्याम ने मौके में दम तोड़ दिया।

## आंधी-तूफान से सीआरपीएफ कैंप में लगाए गए टिन शेड उड़े



**सुकमा।** जिले के दोरनापाल क्षेत्र के किस्टारम में चली अंधड़ में सीआरपीएफ कैंप को खासा नुकसान पहुंचा है। कैंप के बैरकों की छत उड़ गई, वहीं टिन के शेड भी उड़ गए। कैंप को सुधारने के लिए जवान जुट गए। इधर अंधड़ व बारिश के कारण बारसूर की 132 केवी लाइन से ही बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई, जिसके चलते पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। दूसरी ओर दक्षिण पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ता चला जा रहा है। वहीं बने मौसमी तंत्रों का खासा असर भी दक्षिण छत्तीसगढ़ पर पड़ रहा है। अगले दो दिन मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना मौसम विभाग जता रहा है। अंधड़ से सीआरपीएफ के 212 बटालियन के कैंप के बैरक सहित अन्य सेक्टरों को नुकसान पहुंचा है। बारिश का पानी बैरकों में भर गया। इसमें जवानों के आवास व बैरक, कैंप सुरक्षा के लिए बनाए गए मोर्चे, फील्ड अस्पताल के एमआई रूम, लैब, एक्स-रे कक्ष, डिसपेंसरी, कैंप परिसर की सुरक्षा के लिए चाहरदिवारी में लगे टिन के शेड हवा में उड़ गए। अधिकतम तापमान में हुई गिरावट,36.3 डिग्री दर्ज शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम 36.3 और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## ठाणे क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी मलय प्रदीप मेहता को किया गिरफ्तार, अब तक 11 की मौत



**मुंबई।** डोंबिवली में हुए बॉयलर ब्लास्ट के मामले में पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक और मुख्य आरोपी मलय प्रदीप मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। ठाणे क्राइम ब्रांच ने यह कार्रवाई की है। आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। मलय मेहता की मां मालती मेहता को भी ठाणे पुलिस ने नासिक से हिरासत में लिया है। बॉयलर फटने से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 60 लोग घायल हैं। पुलिस ने एक दिन पहले मालिकों और निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में मलय प्रदीप मेहता, मालती प्रदीप मेहता और अन्य निदेशकों, प्रबंधन कर्मचारियों और अधिकारियों के नाम हैं, जो फैक्ट्री की देखरेख कर रहे थे।

## सीएम साय ने झीरम नक्सली हमले में दिवंगत हुए नेताओं और शहीद जवानों को किया नमन




**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने झीरम नक्सली हमले में दिवंगत हुए नेताओं और शहीद जवानों को नमन किया। झीरम घाटी में 11 साल पहले 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ ने सबसे भयानक नक्सली हमलों में से एक को देखा था। दो दिन बाद छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे भयानक नक्सली हमले की 11वीं बरसी है, जिसमें कई कांग्रेस नेता सहित 32 से ज्यादा लोग मारे गए थे। दरअसल, छत्तीसगढ़ का नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का झीरम घाटी वह इलाका है, जिसे यादकर आज भी लोगों के जेहन में साल 2013 की वो दर्दनाक घटना ताजा हो जाती है। 11 साल पहले 25 मई के दिन झीरम घाटी में नक्सलियों ने खूनी खेल खेला था और तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा समेत 32 से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। छत्तीसगढ़ के लिए झीरम घाटी कांड एक कभी न भरने वाले घाव की तरह है। 11 साल बाद भी इस हत्याकांड का रहस्य अनसुलझा है। कांग्रेस ने पिछले साल से ही इस दिन को झीरम घाटी शहादत दिवस के तौर पर मनाने की शुरुआत की है। बहरहाल इस हत्याकांड के कई रहस्य अब तक अनसुलझे हैं और पता नहीं कब तक झीरम घाटी के पीड़ितों को न्याय मिल पाएगा।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | Levi's | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# मतगणना के दौरान बेमतलब विवाद किया तो होगी तुरंत कार्रवाई

कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा संसदीय क्षेत्र के लिए 04 जून को जिला मुख्यालय के आईटी कॉलेज में मतगणना होगी। जिले में मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कोरबा जिले की चार विधानसभा और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा तथा कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, रिटर्निंग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलों के मास्टर ट्रेनर्स को मतगणना की बारिकियों से रू-ब-रू कराने प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कहा कि मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शिता से मतगणना कराना है। मतगणना प्रारंभ होने से लेकर संपूर्ण रूप से समाप्ति तक मतगणना कक्ष में गंभीरता और सावधानी बरतनी है। मतगणना स्थल पर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने वालों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मतगणना सुचारू रूप से संपन्न कराना है। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा अपनी शंकाओं को मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से समाधान करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में नेशनल लेबल मास्टर ट्रेनर श्री पुलक भट्टाचार्य और श्री श्रीकांत वर्मा, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ.एम.एम.जोशी और प्रोग्रामर श्री शीतल अग्रवाल ने मतगणना के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट से वोटो की गिनती, सारणीकरण व उसकी डाटा एन्ट्री, मतगणना के लिए प्रशासनिक व सुरक्षा व्यवस्था, गणनाकर्मी और गणना अभिकर्ता की नियुक्ति, डाक मतपत्रों की गणना, प्रमुख वैधानिक प्रावधान, मतगणना केन्द्रों में आधारभूत संरचना की व्यवस्था, परिणामों की घोषणा और अनुगामी कार्यवाही तथा मतगणना पूरी होने के बाद ईवीएम और निर्वाचन सामग्रियों को सील करने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि मतगणना केन्द्र में मतगणना कार्य में नियुक्त गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायक, आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए सरकारी अधिकारी-कर्मचारी, अभ्यर्थी, उनके मतदान अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता जारी प्रवेश पत्र के साथ ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रत्याशी एक टेबल के लिए एक मतगणना एजेंट सहित ईटीपीवीएस तथा पोस्टल



वैलेट गणना हेतु एक-एक एजेंट नियुक्त कर सकेंगे। मतगणना एजेंट मतगणना कक्ष में अपनी निर्धारित सीट पर भी बैठ सकेंगे। उन्हें मतगणना कक्ष में टेबल/सीट बदलने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना कक्ष में प्रत्याशी स्वयं मतगणना कक्षों में प्रवेश कर सकेंगे।

मतगणना में तैनात किए जाने वाले मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वरों का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में मतगणना के 24 घण्टें पहले विधानसभावार रेण्डमाईजेशन किया जाएगा और मतगणना के दिन सुबह 5 बजे टेबल का आबंटन किया जाएगा। सभी गतिविधियों की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करायी जाएगी। सुबह 7 बजे तक सभी गणना कर्ता अपने टेबल पर बैठ जाएंगे। इस दौरान मतगणना हाल में वीवीपीएटी काउंटिंग बूथ के माध्यम से होने वाली गणना को मॉडल के जरिए प्रदर्शित भी किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रत्येक हॉल में ईवीएम से मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगायी जाएंगी। मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगी । प्रशिक्षण में मतगणना केन्द्रों में दूरसंचार, इंटरनेट, विद्युत, जनरेटर, पेयजल व्यवस्था, परिणामों की घोषणा के लिए लाउड स्पीकर, आपात चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र तथा कानून व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मतगणना कक्ष तक नहीं जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधिकारी या कर्मचारी या सुरक्षा में लगे बल को रिटर्निंग आफिसर के बुलाने पर ही मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। मंत्री, राज्य मंत्री, मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम के पदाधिकारी, नगर पंचायतों के पदाधिकारी सहित सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति मतगणना एजेंट के रूप में नियुक्त नहीं हो सकेंगे। हर विधानसभा के पांच मतदान केंद्रों का रेण्डम आधार पर चयन कर उसकी वीवीपैट मशीन की पर्चियों की गणना अनिवार्य रूप से की जायेगी। मतगणना स्थल पर नियुक्त कर्मचारियों को अलग अलग रंगों के पास दिये जायेंगे ताकि संबंधित कर्मचारी अपने डयूटी वाले निर्धारित स्थल पर रहे।

प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि के लिए मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकार पत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा। जहां पर इंटरनेट सुविधा सहित मोबाइल रखने की व्यवस्था रहेगी। मतगणना केन्द्र के बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। 100 मीटर की परिधि में वाहन ले जाने की अनुमति किसी को नहीं होगी। मतगणना प्रक्रिया के दौरान स्ट्रांग रूम खोलने तथा ईवीएम को मतगणना कक्ष तक ले जाने के दौरान वीडियोग्राफी कराई जायेगी। इसके अलावा सीसीटीवी से भी नजर रखी जायेगी। बिना परिचय पत्र किसी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## एनटीपी के नए महाप्रबंधक खन्ना ने कार्यभार संभाना



कोरबा। जिले में स्थापित कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का एनटीपीसी कोरबा के नए महाप्रबंधक राजीव खन्ना ने परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। मुख्य महाप्रबंधक राजीव खन्ना ने 1988 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीएससी इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल एवं टेलीकम्यूनिकेशन) की डिग्री प्राप्त करने के बाद उसी वर्ष एनटीपीसी के साथ एक्सेक्यूटिव ट्रेनी (श्वज्ञ) के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत की और एनटीपीसी के साथ उनका 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने दादरी-एनसीपीपी, सीसी-ईओसी, खरगोन, कनिहा, रायपुर, एन्नोर और बरौनी जैसी अन्य एनटीपीसी की शाखाओ में अपनी सेवाएँ दी हैं। उन्होंने एनटीपीसी के कॉरपोरेट सेंटर और शेयर्ड सर्विस ग्रुप में भी काम किया है। उनके पास ईंधन प्रबंधन, प्रचालन, अनुरक्षण, सीआई आदि बिजली संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का भी अनुभव है। उन्होंने मैनेजमेंट की डिग्री भी प्राप्त की है। मुख्य महाप्रबंधक राजीव खन्ना ने अब तक व्यापक और ज्वलंत ज्ञान और अनुभव से कंपनी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। अब एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में, उनका लक्ष्य कंपनी के आंतरिक और बाहरी हितधारकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरे करने का है।

## मिशन रोड पर ठेले-गुमटियों का कब्जा, लग रहा जाम

कोरबा। शहर से सर्वमंगला चौक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग मिशन रोड पर करीब दो दशक से ठेला-गुमटी वालों के अतिक्रमण का ग्रहण लगा हुआ है। एक ओर रेलवे ट्रैक और दूसरी ओर दुकानों के बीच मौजूद सड़क किनारे एक कतार में फल मार्केट की तरह ठेले सुबह से सज जाते हैं, जो देर तक तक मौजूद रहते हैं। उन्हें देखकर अब चाय-नाश्ता व पान की दुकान भी सजने लगी है।

इससे संकरी हो चुकी सड़क पर गुजरते समय राहगीर इन ठेले-गुमटी में खरीदारी के लिए अपनी वाहनों को रोक देते हैं। इस कारण मिशन रोड पर सुबह व शाम को व्यस्ततम समय पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। खासकर नवरात्रि व विशेष पूजा के दिन सर्वमंगला मंदिर जाने वालों की भीड़ के बीच फलों की खरीदी से ऐसा जाम लगता है कि राहगीर हलाकान हो जाते हैं। अतिक्रमण को हटवाने की जिम्मेदारी नगर निगम के तोड़ू दस्ता की जिम्मेदारी है लेकिन विभाग ने कभी



भी इसके लिए अभियान नहीं चलाया। तोड़ू दस्ता प्रभारी योगेश राठौर के मुताबिक शहर में सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले-गुमटी के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।फल मार्केट बनाने की योजना ठंडे बस्ते में गई करीब एक दशक पहले तत्कालीन महापौर जोगेश लांबा ने मिशन रोड को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए सुगम यातायात व्यवस्था के लिए योजना बनाई थी। जिसके तहत सर्वमंगला चौक जाने वाले मार्ग पर हसदेव नदी के पास फल मार्केट खोलने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन नगर निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

## नौतपा आज से-चार दिनों तक गर्मी से मिलेगी राहत



कोरबा। नौतपा की शुरुआत 25 मई से हो रही है, जो 2 जून तक रहेगा। शनिवार को सुबह 3.17 बजे सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ नौतपा की शुरुआत होगी, लेकिन मौसम विभाग ने अगली चार दिनों तक गर्मी से राहत की संभावना जताई है। पहले दिन तापमान 40 डिग्री पर रहने के बाद बादल छाने से राहत मिलेगी। शनिवार और रविवार को तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। नौतपा के समय हर साल अंधड़ के साथ बारिश होती है। पिछले चार दिनों से भीषण गर्मी के बीच शाम को रोज मौसम बदल रहा है। हालांकि गुरुवार को रात के समय ही ठंडी हवा चलती रही। लेकिन शुक्रवार को दिन में तेज धूप रही।न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री पहुंच रहा है। बदली और बारिश से मंगलवार तक थोड़ी राहत रहेगी। इसके बाद बुधवार से फिर तापमान में बढ़ोतरी होने से हीट वेव की आशंका जताई जा रही है। नौतपा का अगले 5 दिनों तक झुलसने वाली गर्मी रहने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन समुद्र से आ रही नमी के कारण मौसम में बदलाव होने की भी संभावना बनी हुई है।

## स्कूल के मेधावी छात्रों को मोमेंटो देकर किया सम्मानित



कोरबा। रीक्रिएशन क्लब गेवरा में DAV पब्लिक स्कूल गेवरा के CBSE बोर्ड एक्जाम में 12th और 10th क्लास के 10 टॉपर होनहार मेधावी छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने एक कार्यक्रम आयोजित कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

बता दे कि संपन्न हुए अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों को उनके पालको की उपस्थिति में सम्मानित किया गया । इस अवसर पर छात्रों के अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित थे जिन्हें प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमिता पाती ,श्रेया महिला समिति के सदस्य श्रीमती संगीता मोहंती ,गेवरा सीजीएम एस के मोहंती ,दीपका महाप्रबंधक अमित सक्सेना, स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा अग्रवाल कार्मिक अधिकारी रमा चक्रवर्ती,अनुराधा सिंह समेत अन्य टीचर स्टाफ और पैरंट्स उपस्थित थे।

## मतगणना कर्मियों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मतगणना पर्यवेक्षक तथा मतगणना सहायक, डाक मतपत्र एवं ईवीएम के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम रेंडमाइजेशन आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। चिन्हित काउंटिंग स्टाफ का प्रशिक्षण 27 मई को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

## चना का नहीं मिला आवंटन इसलिए हितग्राहियों को नहीं हो पा रहा वितरण



कोरबा। जिले के उपभोक्ताओं को इस बार चना का वितरण नहीं हो पा रहा है। आदिवासी जिलों में राज्य शासन राशन कार्डधारी को 2 किलो चना देती है,लेकिन इस बार राज्य शासन से ही चना का आवंटन नहीं हुआ है। इसके कारण पिछले महीने से ही कई दुकानों में वितरण नहीं हो पाया। जिले में 553 उचित मूल्य की दुकानें हैं। जहां से 3 लाख 36 हजार उपभोक्ताओं को राशन दिया जाता है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगे होने की वजह से अभी नए राशन कार्ड नहीं बन रहे हैं। पिछले महीने हर उपभोक्ता को दो महीने का एक साथ चावल वितरण किया गया था। इसकी वजह से इस महीने लोग चना, शक्कर और नमक लेने ही पहुंच रहे हैं। लेकिन चना का वितरण नहीं हो पा रहा है। सहायक खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी का कहना है कि शासन स्तर से ही चना का आवंटन नहीं मिला है। जैसे ही पहुंचेगा वैसे ही वितरण भी किया जाएगा।

## कुशवाहा समाज ने मनाई तथागत भगवान बुद्ध की जयंती



कोरबा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी की जयन्ती दिनांक 23.05.2024 को कुशवाहा समाज कल्याण समिति के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के द्वारा पारिवारिक वातावरण में वार्ड क्र. 36 बालको नगर हरेन्द्र सिंह कुशवाहा के परिसर में निष्ठापूर्वक मनाई गई।

सर्वप्रथम संरक्षक केदार मंडल द्वारा भगवान बुद्ध की संगमरमर की मूर्ति को तिष्ठित कर विधि-विधान से पूजा कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कुशवाहा समाज के जिला कोरबा के अध्यक्ष महापौर राजकिशोर प्रसाद ने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि आज का दिन वैशाख शुक्ल की पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण तिथि है जो तथागत भगवान गौतम बुद्ध का जन्म का, उन्हें ज्ञान का प्राप्ति का और उनके महानिर्वाण का दिन भी है। पुराणों में महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवा अवतार माना गया है। इनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग है जिनमें सुखी जीवन और सफलता पाने के सूत्र छिपे है।

संरक्षक केदार मण्डल ने अपने उद्बोधन में बताया कि भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग वह माध्यम है जो दु:ख के निदान का मार्ग बताता है। उनका यह अष्टांगिक मार्ग ज्ञान, वचन कर्म, आजीव व्यायाम. स्मृति और समाधि के संदर्भ में सम्यकता से साक्षात्कार कराता है।

संरक्षक ए. एल. वर्मा ने बताया कि भगवान बुद्ध ने मनुष्य के बहुत से दु:खों का कारण उसके स्वयं की अज्ञानता और मिथ्या दृष्टि बताया है। भगवान गौतम बुद्ध महान समाज सुधारक बौद्ध धर्म के संस्थापक थे और दुनिया को जन्म मृत्यू और दु:खों से मुक्ति दिलाने का मार्ग बताया।

संरक्षक आर एस सिन्हा ने बताया कि भगवान गौतम बुद्ध ने दुनिया के कई देशों में बौद्ध धर्म को फैलाया और अपने महान विचारों एवं उद्देश्यों से दुनिया को एक नया रास्ता दिखाया और समाज में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने में अपना अहम योगदान दिया।कार्यक्रम का आतिथेय हरेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, संरक्षक केदार मण्डल, संरक्षक आर एस सिन्हा, संरक्षक ए एल वर्मा, हरेन्द्र सिंह, अमेरिका मेहता, प्रताप सिंह, उदय कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, लक्ष्मण सिंह, बी एन सिंह, मुकुल अलकरा, नूतन सिंह, अजय सिंह, सुजीत मेहता, दिनेश सिंह, विनोद कुशवाहा, रामजीत मेहता, मनोज वर्मा, एच पी सिंह, ध्रुव कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए।

## साहित्य भवन में काव्य पाठ गीत और गजल से समां बांधा

कोरबा। तुलसी साहित्य अकादमी की जिला इकाई ने साहित्य भवन कोरबा में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। गीत, गजल की प्रस्तुति से गोष्ठी में समां बांधा। समिति की रूपरेखा व गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। काव्य गोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ गजलकार व तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय मंत्री केवल कृष्ण पाठ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. मुकुटधर पांडे साहित्य भवन कोरबा के संरक्षक युनूस दानियाल पुरी ने की। विशिष्ट अतिथि साभस कोरबा के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, भुवनेश्वर प्रसाद नेही, अरुणा देवांगन रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तुलसी साहित्य अकादमी के जिला इकाई अध्यक्ष जगदीश श्रीवास ने स्वागत भाषण दिया।

## निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति की व्यवस्था देखने महापौर ने किया सघन दौरा निर्बाध रूप से जल आपूर्ति के लिए दिये कड़े निर्देश



कोरबा। गर्मी के दिन में वैसे तो पानी की खपत बढ़ जाती है, जिसकी आपूर्ति के लिए नगर निगम द्वारा पाईप लाईन के अलावा टैंकर के माध्यम से अतिरिक्त मांग की पूर्ति की जाती है। लेकिन विगत कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति में बाधा की वजह से निगम की टंकियों में भराव अपेक्षाकृत कम होने के कारण गर्मी के मौसम में निगम के कई क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत पर महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा आज बालको जोन के वार्ड क्रमांक 37 एवं 36 का दौरा किया गया। वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद के विशेष अनुरोध पर दौरे पर गये महापौर ने दैहानपारा बस्ती के निवासियों से भी इसकी विस्तृत एवं वास्तविक जानकारी ली। पार्षद सहित बस्तीवासियों ने बताया कि बस्ती के उपरी हिस्से में पानी सप्लाई जरूरत से कम होता है जिससे प्रतिदिन उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ता है। निस्तारी के लिए बस्ती में स्थित तालाब का पानी गन्दा होने के कारण उपयोगी नहीं है। इसी प्रकार अन्य बस्तियों में भी दौरा किया गया और वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई।

महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा दौरे के पश्चात जलापूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान के लिए आयुक्त को निर्देश दिया गया कि वार्ड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए पूर्व में स्थापित पाइप लाइन के नेटवर्क में बदलाव करें। ऊपरी बस्तियों के लिए अलग सर्किट और अलग कंट्रोल वाल्व लगाये तथा निचली बस्तियों के लिए अलग सर्किट एवं पृथक से कंट्रोल वाल्व लगायें। साथ ही मेन पाइन से सब डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के लिए बिछाई गई 3 इंच की पाइप लाइन को 4 इंच में बदल दें। साथ ही जलापूर्ति की समयबद्धता को सूक्ष्मता के साथ मॉनिटरिंग करें। ताकि सभी क्षेत्रों में बराबर पानी की आपूर्ति हो सके। आवश्यकतानुसार टैंकर से भी मांग के अनुसार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पूरे निगम क्षेत्र में निर्बाध रूप से जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

महापौर ने दैहानपारा स्थित तालाब की सफाई का निर्देश भी दिया और बताया कि बारिश गिरने से पहले तालाब का सफाई करना सुनिश्चित करे। आज के दौरे में महापौर राजकिशोर प्रसाद के साथ एमआईसी सदस्य कृपाराम साहू, पार्षद गंगाराम भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, पूर्व पार्षद देवीदयाल सोनी, राकेश पंकज, राजू बर्मन, आनंद राम रात्रे, मधुर दास, राजा यादव, संदीप रात्रे सहित बड़ी संख्या मे वार्डवासी भी शामिल हुए।

## कटघोरा में मंगलवार को दुकान बंद करने व्यापारियों ने जताई सहमति

कोरबा। अनुविभागीय अधिकारी (रा) कटघोरा के सभागार में एसडीएम सरोज महिलांगे की अध्यक्षता में कटघोरा में सप्ताह में एक दिन मंगलवार को दुकान और बाजार बंद को लेकर सभी व्यापारी संघ की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। सभी व्यवसायी बंधुओं की लगातार हो रही मांग को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए सभी व्यवसायी से उनकी राय जानना चाहा। उपस्थित लगभग सभी व्यवसायियों ने एक स्वर में मंगलवार को दुकान रखने का निर्णय लिया।

बैठक में उपस्थित नगर पालिका अधिकारी ज्ञानपुंज कुलमित्र को भी एसडीएम ने एक दो दिन में नगर में मुनादी कराकर सूचना प्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वहां उपस्थित सभी लोगो ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पर एकस्वर में सहमति जताते हुए एसडीएम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके बाद एसडीएम ने कहा कि आगामी 4 जून के बाद आचार संहिता समाप्त होते ही गुमास्ता एक्ट पर भी अग्रिम प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तब तक आने वाले 28 मई मंगलवार से दुकान बंद होना शुरू हो जाएगा एवं वहां उपस्थित सभी व्यवसायियों से निवेदन भी किया गया कि आप अपने दुकान का सामान को रोड तक फैला कर न रखें यानी मतलब अतिक्रमण न करने को भी कहा गया। जो व्यवसायी दुकान बंद करने में सहयोग नही करेंगे उनको प्रशासन अपनी ओर से समझाइश देगी। नहीं मानने पर विधिवत कार्रवाई भी की जाएगी। सिर्फ आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल, होटल,डेयरी आदि दुकानों को छूट की श्रेणी में रखा गया है। प्रशासन ने सभी से सहयोग करने की अपील भी की है।कटघोरा पूर्व में हर मंगलवार को बंद होते आ रहा था, परंतु फिर बीच में दुकाने खुलने लग गई थी। इसको लेकर कटघोरा के व्यवसायियों ने कटघोरा के अग्रसेन भवन में व्यापारी सम्मेलन में छग शासन में उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन के समक्ष ये मुद्दा उठाया था। व्यापारियों की भारी मांग पर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इस पर कार्रवाई करने का पूरा भरोसा दिलाया था। इसके बाद सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। इसमें कटघोरा के सभी व्यापारी संगठनों ने अपनी सहमति जताई। इनमें किराना व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, जूता चप्पल व्यापारी संघ, मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक संघ, मनिहारी व जनरल स्टोर संघ, हार्डवेयर एंड टाइल्स ऑटोमोबाइल्स व इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल आदि शामिल हैं।

# राइस मिल से बढ़ रहा प्रदूषण जनस्वास्थ्य के लिए चुनौती पैदा

**अकलतरा।** नगर के महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित राइस मिल मुहल्ले के लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। राइस मिल से निकलने वाले काले धुएं और राखड़ से वार्डवासी परेशान हैं। वार्डवासियों ने कई बार इसकी शिकायत शासन प्रशासन से करते हुए कार्रवाई की मांग की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार लोगों ने इसकी शिकायत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से की है। जिस पर केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार के पर्यावरण संरक्षण मंडल के सचिव को जांच कर कार्रवाई करने और उससे बोर्ड को अवगत कराने का आदेश जारी किया है।



नगर के वार्ड क्रमांक 16 महाराणा प्रताप चौक के नजदीक उसना राइस मिल संचालित है। राइस मिल संचालक के द्वारा मिल से निकलने वाली गंदा पानी एवं जली हुई भूसी का निपटान उचित तरीके से नहीं किया जाता है जिसके कारण रोज सुबह, शाम, रात में गंदा पानी के निकासी के समय बहुत ही तेज दुर्गन्ध युक्त हवा निकलने से स्वास्थ्य गत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राइस मिल से निकलने वाला गंदा पानी मोहल्लेवासियों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। राइस मिल से निकलने वाले काले धुएं राखड़ और धान की भूसी घरों तक आने से वार्डवासी परेशान हैं। वहीं, राइस मिल से निकलने वाली गंदा पानी मुहल्ले के पास भराव होने से वहां दुर्गंध हमेशा फैली रहती है, जिसके चलते लोग बीमार भी पड़ने लगे है। इस समस्या के निराकरण की मांग को लेकर शासन प्रशासन द्वारा आयोजित समस्या निवारण शिविर में भी 5 मई 2022 और 22 जुलाई 2022 को आवेदन कर चुके है। लेकिन समस्या का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है।

वार्ड वासियों ने एक बार फिर 26 फरवरी 2024 को कलेक्टर को रजिस्र्ट डाक के माध्यम से पत्र भेजकर प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई मगर शासन प्रशासन द्वारा वार्डवासियों की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। आज तक प्रदूषण फैलाने वाले मिलर्स पर शासन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे प्रदूषण का खामियाजा जनता को अपने स्वास्थ्य खराब कर भुगतना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार संबधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने से भी समस्या का हल नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। आखिरकार लोगों ने 7 मार्च को इसकी शिकायत केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड ने संज्ञान लेते हुए 26 मार्च को राज्य सरकार के पर्यावरण संरक्षण मंडल के सचिव को जांच कर कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई से बोर्ड को अवगत कराने का आदेश जारी किया है।

**छतों पर जम जाती है धुएं की काली मोटी परत**

वार्डवासियों का आरोप है कि वे लोग अपने घरों में ही कैद होकर रह गए हैं। न तो वे सूरज की पहली किरण को देखने के लिए खिड़की खोल सकते हैं और न ही रात में अपने घरों की छत पर चढ़ सकते हैं। उसना चावल मिल दिन रात काला धुंआ छोड़ रहे हैं। यह धुआं घरों में घुस रहा है और छतों पर धुएं की काली मोटी परत जम जाती है। महिलाएं न तो अपने घर की छतों पर कपड़ा सूखा सकती है और न ही किसी प्रकार की खाने- पीने का सामान छत पर रख सकती हैं। घर की छत पर जाने पर काले धुएं की मोटी परत पर पांव रखने पर पांव के निशान बन जाते हैं।

**विभाग नहीं करती मानिटरिंग**

शहर में संचालित राइस मिलर्स पर अफसर मेहरबान हैं। राइस मिल से निकले गंदे पानी व जहरीले धुएं से आसपास के लोंगो को परेशानी हो रही है। वहीं, मिल जो खुले स्थान में होने चाहिए वे बीच बस्ती घनी आबादी में स्थापित किए गए हैं, जिन्हें शहर से बाहर करने की मांग समय-समय पर नागरिकों द्वारा की जाती रही है, लेकिन अफसर आंख मूंदे बैठे हैं।

## दो मंदिर को निशाना बनाने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार



**सक्ती।** नगर के कृष्णा मंदिर और संतोषी मंदिर में चोरी करने वाले आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला सक्ती थाना का है।पुलिस के अनुसार नगर के संतोषी मंदिर एवं राधा कृष्णा मंदिर के पीछे का ताला तोड़कर 16 -17 मई की रात अज्ञात चोर ने मंदिर से सोने, चांदी, तांबा, पीतल के सामानो को पार कर दिया।

नगर के वार्ड क्रमांक 8 हटरी चौक निवासी मुरारी लाल अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस की टीम ने विवेचना के दौरान संदेही बुधवारी बाजार सक्ती निवासी अरमान खान (21) पिता सलीम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिस पर युवक ने 16 - 17 मई की रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पीछे के दरवाजा में लगे ताला को तोडकर मंदिर अंदर प्रवेश कर संतोषी मंदिर एवं राधाकृष्ण मंदिर की मूर्ति में लगे सोने चांदी के गहनों को चोरी करना स्वीकार किया।

चोरी किए कुछ सोने चांद के जेवर अपने घर में चावल डिब्बा के अंदर छिपा कर रखना तथा कुछ जेवर को दर्री तलाब के पास छिपाना बताया। जिस पर पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक नग चांदी के छत, एक नग चांदी के मुकुट, एवं एक नग मेटल का मुकुट एवं 11 नग ताबा का प्लेट को जब्त किया। पुलिस ने आरोपित को भादवि की धारा 457, 380 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### चुनाव प्रचार से लौटे भाजपा नेता

**जांजगीर।** झारखण्ड राज्य के जमशेदपुर लोकसभा में चुनाव के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की टीम 13 मई से दौरे पर थी। इस टीम में अमर सुल्तानिया को घाटशिला विधानसभा का प्रभारी बनाया था। अमर सुल्तानिया की टीम ने दस दिनों तक वहां भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार प्रसार किया।

## नकारा बने कई एटीएम, लोगों को नहीं मिल रही सुविधा

**अकलतरा।** भारतीय स्टेट बैंक की एक मात्र एटीएम खराब होने का खामियाजा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। जो आमतौर पर उम्मीद लेकर एटीएम तक पहुंचते हैं, लेकिन मशीन खराब होने के कारण निराश होकर वापस चले जाते हैं। एसबीआई के उपभोक्ताओं को भी ज्यादातर दूसरे बैंक के एटीएम पर निर्भर होना पड़ता है। लेकिन स्थिति तब ज्यादा विपरीत हो जाती है। जब बैंक में ज्यादा भीड़ होने या बैंक के बंद रहने पर लोगों को रुपये जमा कराना होता है। ऐसे में जब लोग एसबीआई के एटीएम में पहुंचते हैं तो उन्हें मशीन पर चालू नहीं है का संकेतक मिलता है।

भारतीय स्टेट बैंक की पैसा जमा करने वाली एटीएम मशीन काफी दिनों से खराब है। शाखा प्रबंधन अब तक इसे चालू कराने में रूचि नहीं दिखा रही है। व्यापारियों को बैंक बंद होने के पश्चात पैसा जमा करने में असुविधा होती है । भारतीय स्टेट बैंक शाखा को कस्टमरों की असुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है। यही कारण है कि एसबीआई शाखा के ठीक सामने लगी एटीएम की सुध भी नहीं ली जा रही है। व्यापारियों एवं नगरवासियों की सुविधाओं के लिए शाखा प्रबंधक को पहल करनी चाहिए, ताकि ग्राहकों को लाभ प्राप्त हो सके। क्यों कि शाम को पांच बजे ब्रांच बंद होने के बाद कियोक्स एवं अन्य माध्यम से व्यापारियों को अपनी मूल राशि से एक प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान कर नकद आहरण एवं जमा करना पड़ता है। जिसका कहीं ना कहीं ग्राहकों के जेब पर प्रभाव पड़ता है । वहीं छुट्टी के दिनों में कियोस्क शाखा बंद होने से ग्राहकों को भटकना पड़ता है।

एटीएम का तापमान अंदर से बढ़ा रहने के कारण बार-बार मशीन बिगड़ रही है जो की एटीएम के रखरखाव में बहुत बड़ी चूक है । एटीएम मशीन का तापमान नियंत्रित करने के लिए अंदर लगी एसी भी खराब है। जिसे सुधारने या नया लगाने में बैंक प्रबंधन कोई रूचि नहीं दिखा रहा। स्टेट बैंक के बाहर भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम का नाम ठीक से पता नहीं चलता बोर्ड भी जर्जर हालत में है।

**पूर्व में तीन एटीएम का होता था संचालन**

अकलतरा में पहले भारतीय स्टेट बैंक के तीन एटीएम संचालित होते थे। पहला एटीएम रेलवे परिसर में ,दूसरा ब्रांच के सामने तथा तीसरा एटीएम आजाद चौक में संचालित था। वर्तमान में मात्र एक एटीएम का ही संचालन हो रहा है। लेकिन उसकी



हालत भी दयनीय है।

**यात्रियों की सुविधाओं में सेंध**

अकलतरा रेलवे स्टेशन का एटीएम किन कारणों से बंद किया गया इसका कारण अभी तक अज्ञात है। रेलवे परिक्षेत्र में यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के दौरान एटीएम उपलब्ध रहने पर जो सुविधा मिलती थी, अब वह सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिससे यात्रियों में रोष है।

### बालिका को वधू बनाने की कोशिश पर फिरा पानी

**जांजगीर - चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के प्रयास से एक किशोरी का विवाह रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना टीम कोनारगढ़ पहुंची और बालिका के बालिग होने पर ही विवाह करने स्वजन को समझाईश दी गई ।पामगढ़ ब्लाक के ग्राम कोनारगढ़ में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की टीम बालिका के घर पहुंची। बालिका की अंकसूची की जांच की गई। जिसमें उसकी उम्र 16 वर्ष दो माह पांच दिन ही हो रहा था। बालिका के नाबालिक होने की स्थिति में परिवार के लोगों को समझाइस के पश्चात् बालिका की माता -पिता परिवार की सहमति से स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में बालिका का विवाह रोका गया। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, व अन्य पर कार्यवाही की जाएगी। अधिनियम के तहत दो वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा एक लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रविधान है।

## पीएमश्री के नाम से संचालित होंगे 10 आत्मानंद स्कूल

**जांजगीर - चांपा।** अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के दस स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राईजिंग इंडिया (पीएमश्री) स्कूल के लिए चयन किया गया है। इसमें जांजगीर चांपा के चार और सक्ती जिले के छह स्कूल शामिल है। दोनों जिले के इन स्कूलों का चयन यू डाइस के माध्यम से पंजीयन के लिए किया गया है। पिछले वर्ष खोले गए पीएमश्री स्कूल में एक भी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल नहीं थे मगर इस बार खोले जा रहे नए स्कूलों में सभी हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल है।

पीएमश्री स्कूलों में दूर - दराज, ग्रामीण, पिछड़े इलाकों के स्कूली छात्रों को भी महानगरों के बड़े निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं मिलेंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित अनिवार्य पाठ्यक्रम, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, अच्छे ट्रेनिंग प्राप्त शिक्षक, लर्निंग आउटकम, वोकेशनल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी। केंद्र स्तर पर स्कूलों का चयन किया गया है। इसके बाद सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने - अपने क्षेत्र के चयनित स्कूलों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन तैयार किया और शिक्षा विभाग के तरफ से राज्य सरकार को भेजा गया है। पूर्व में विकासखंड के माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल का चयन पीएम श्री स्कूल के लिए किया जाना था मगर केंद्र सरकार ने इसके लिए जो निर्धारित मापदंड तय किए थे उस हिसाब से जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल अपात्र हो गए थे।

वहीं जो स्कूल केंद्र के मापदंड में खरे उतर रहे थे उन स्कूलों को राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल बना दिया था। अब दोनों जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का चयन कर पीएमश्री स्कूल का टैग दिया गया है। अब स्कूलों को इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब समेत अन्य सुविधाओं के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार 60 और केंद्र सरकार 40 प्रतिशत खर्च उठाएगी। प्रति स्कूल 45 लाख से 60 लाख रुपये खर्च कर इंफ्रास्ट्रक्चर समेत सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

**ग्रामीण स्कूलों को 60 और शहरी को 75 अंक से अधिक**

इसमें पाठ्यक्रम, पढ़ाने का तरीका, टीचर ट्रेनिंग, छात्र-छात्राओं की संख्या, छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण काम, छात्र व पालक संतुष्ट हैं या नहीं, मिड-डे मील, शिक्षक, प्राचार्य काम करते हैं या नहीं समेत अन्य मापदंड शामिल हैं। इन छह मापदंडों के आधार पर स्कूलों को एक प्रश्न पत्र के फारमेट में भरकर आवेदन किया गया है। जिसमें कुल 153 अंकों में से उनकी प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए गए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को 60 अंक और शहरी क्षेत्र के स्कूलों को 75 अंक हासिल करना था। समिति के निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया गया है। सभी स्कूलों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।



**इन स्कूलों का किया गया है चयन**

पीएमश्री योजना के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बलौदा , स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल क्रमांक 1 जांजगीर, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बम्हनीडीह , स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खिसोरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मालखरौदा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसौद, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल डभरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सक्ती और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जैजैपुर का चयन किया गया है।

दोनों जिले के दस स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों का चयन प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राईजिंग इंडिया पीएमश्री के लिए किया गया है। बीईओ और जिला स्तर की टीम के निरीक्षण के बाद इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है।

आर के तिवारी
डीएमसी, समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा

### भीमा तालाब की सुंदरता पर कबाड़ चोरों की नजर

**जांजगीर - चांपा।** तीन साल पहले भीमा तालाब का सुंदरीकरण हुआ था। यहां सीसीरोड बनाया गया है। वहीं तालाब के चारो तरफ बाऊंड्रीवाल बनाकर ग्रिल और रेलिंग लगाया गया है। मगर तीन साल में ही भीमा तालाब की सुंदरता पर चोरों की नजर लग गई। यहां से चोर ग्रिल को उखाड़कर ले जा रहे हैं। वहीं जगह जगह रेलिंग भी गायब है। नगर पालिका द्वारा यहां के रखरखाव के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है।भीमा तालाब के सुंदरीकरण का वर्ष 2021 के जनवरी माह में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने मंत्रि मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में किया था।

## दुपहिया चोरी कर बेचने का प्रयास, दो गिरफ्तार

**सक्ती ।** बाइक चोरी करने वाले और एक खरीददार सहित दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें एक आरोपित ओडिशा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चार बाइक जब्त किया है। मामला सक्ती थाना का है। पुलिस के अनुसार जगन्नाथपुरम सक्ती पिताम्बर पटेल पिता फेंकूराम की ड्यूटी 12 अप्रैल को जवाहर लाल नेहरू कालेज में मतदान जागरूकता कार्यक्रम में लगी थी। वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 एएफ 9837 को कालेज ग्राउंड में खडी कर ड्यूटी करने चला गया था । वापस आकर देखा तो वहां पर उसकी बाइक नहीं थी। बाइक को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। उसने इसकी रिपोर्ट सक्ती थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान संदेही शासकीय अस्पताल के पीछे वार्ड नंबर पांच निवासी असरफ खान 34 साल पिता शरीफ खान से पूछताछ की गई। जहां उन्होंने अपराध कबूल किया और उन्हें जेल भेज दिया गया।

## खनिज के अवैध परिवहन पर की गई कार्यवाही

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग उडनदस्ता के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करते हुए खनिज निम्नश्रेणी चूनापत्थर का अवैध रूप से परिवहन करते हुए डभरा में एक हाईवा तथा ग्राम डोटमा में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये 02 ट्रेक्टर जब्त किया जाकर थाना डभरा एवं हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया। उक्त वाहनों के संबंध मे छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा एवं कलेक्टर तोपनो के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले के द्वारा सतत कार्यवाही किया जा रहा है।



## शराब के नशे में चला रहे थे वाहन, पुलिस ने अभियान चलाकर 48 के खिलाफ कार्रवाई की

**जांजगीर-चाम्पा।** विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा एवं अति. पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध जिला पुलिस द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत् लगातार कार्यवाही कि जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 17.05.2024 से 23.05.2024 तक अभियान चलाया गया था जिसमें जिले के थाना/चौकियों क्षेत्र में सघन चेकिंग किया गया जिसमें दो पहिया वाहन में तीन सवारी, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में 07 दिवस के भीतर कुल 865 वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। तथा 48 वाहन चालको के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पायें जाने से वाहनो को जप्ती कार्यावाही की जाकर मोटर अधिनियम के तहत विधिवत् कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है, एवं 04 माल वाहक गाड़ियो में सवारी बैठाने वालो वाहन चलाको के विरूद्ध मोटर अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है।

जिला पुलिस जांजगीर द्वारा वाहन चेकिंग



के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नही चलाने एवं मालवाहक गाड़ी में सवारी नही बैठाने के संबंध में तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगो को समझाइस दी जा रही है।

### झीरम घाटी के शहीदों को कचहरी चौक पर आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

**जांजगीर।** झीरम घाटी के शहादत अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 मई की शाम 5 बजे से कचहरी चौक जांजगीर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर अमर शहीद नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित अन्य शहीद नेताओं के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024: मतगणना कार्य के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के दिशा-निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में काऊंटिंग पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर और टेबुलेशन प्रभारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए गए। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 04 जून को मतगणना कार्य होना है, जिसके लिए आज प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की



तैयारी, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, काउंटिग प्रोसीजर व्यवस्था, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में कण्ट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया।


प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा ने कहा की मतगणना से सम्बंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को सभी अधिकारी कर्मचारी अच्छी तरह से समझ लें तथा किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में ही मास्टर ट्रेनर तथा संबंधित अधिकारी से उसका उपाय समझे। ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने बताया कि 04 जून को कृषि उपज मंडी परिसर, नंदेली भांठा में मतगणना कार्य की जाएगी। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सक्ती-35, चंद्रपुर- 36 और जैजैपुर-37 के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाने हैं। इस दौरान सक्ती एआरओ के एस पैकरा , चंद्रपुर एआरओ बालेश्वर राम , जैजैपुर एआरओ रूपेंद्र पटेल, डाक मतपत्र नोडल अधिकारी विश्वास कुमार, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर, टेबुलेशन प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दोपहर 12 से 3 बजे तक पशुओं पर सामग्री रखकर अथवा सवारी हेतु उपयोग करना प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा ।** जिला जांजगीर चाम्पा में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत पशुओं पर सामग्री रखकर अथवा सवारी हेतु पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला पशु एवं क्रूरता निवारण समिति जिला जांजगीर-चांपा द्वारा जारी आदेशानुसार प्रतिदिन दोपहर 12 बजे 3 बजे के बीच तापमान 37एष्ट (डिग्री सेल्सियस) से अधिक निरंतर बना रहता है। इस दौरान पशुओं पर रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा पशुओं को टांगा, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, डेंट गाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है। अतः छ.ग. राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, रायपुर के पत्र के परिप्रेक्ष्य में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण परिवहन तथा कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6(3) के अनुसार दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच ऐसे पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित किया जाता है।

## भीम प्रसाद बरेठ

**जांजगीर।** समीप ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक व ग्राम पंचायत खोखरा के पूर्व उप सरपंच कन्हैयालाल बरेठ के सुपुत्र भीम प्रसाद बरेठ का 35 वर्ष की आयु में 21 मई को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थें उनके शव को मुखाग्नि उनके पुत्र रामसाय बरेठ ने दी । उनकी अंत्येष्टि मे ग्राम के नागरिक, सहित परिजन बहुतायत संख्या उपस्थित थे। वें अपने पीछे दो पुत्र व पत्नी सहित रोता विलखता परिवार छोड़ गए ।



## अनमोल वचन......

**उबाल इतना भी ना हो की खून सुख कर उड़ जाए**
**धैर्य इतना भी ना हो की खून जमे तो खौल भी ना पाए!**

# महिलाओं को आरक्षण देने का विरोध

*चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बना कर रहेगा। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की मानसिकता को महिला विरोधी करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस में यह बात कही। प्रधानमंत्री नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में पच्चीस हजार महिलाओं से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दस साल की सरकार के निर्णय से पहली बार आज माताएं और बहनें केंद्र में आई हैं।*

*उन्हें योजनाएं बनाने में केंद्रीय भूमिका में रखा जा रहा है, और उनके उन्नयन के लिए योजनाएं बनाने पर बल दिया जा रहा है। यह भारत की सक्सेस स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। उन्होंने अपनी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकलाप का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा सरकारों ने महिलाओं की उपेक्षा की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बगैर कैसे चल जाता। विपक्षी दलों की मानसिकता को महिला विरोधी ठहराते हुए मोदी ने कहा कि वे महिलाओं को आरक्षण देने का विरोध करते हैं। सपा वाले बेशर्मी से कहते थे, लड़के हैं लड़कों से गलती हो जाती है लेकिन आज सपा के लड़के गलती करके दिखाएं। मगर वे जिस वक्त ये दावे कर रहे थे, उसी वक्त राजस्थान के करौली जिले की मूक-बधिर आदिवासी नाबालिग ने जयपुर में दम तोड़ दिया। दस साल की मासूम बच्ची बलात्कार करके जिन्दा जलाई गई थी।*

*दस दिन तक जिन्दगी और मौत के बीच झूलते हुए उसने दम तोड़ दिया। मोदी बिहार के चंपारण और महाराजगंज की चुनावी रैलियों में अंबेडकर और आरक्षण की बात कर अपनी सरकार की पीठ थपथपाते रहे। मगर प्रशासन या सरकार की तरफ से इस बच्ची की कोई सुध नहीं ली गई।*

*महिलाओं के शक्तिशाली होने की बातें बनाने से अब काम नहीं चलने वाला। उन्हें सुरक्षा चाहिए। यह सच है कि लड़कों की गलतियों को नजरंदाज करने वालों की पार्टी के राज में महिलाएं असुरक्षित थीं। मगर अब जब सुशासन की बात की जा रही है, मासूम मूक-बधिर बच्ची के साथ हुई हैवानियत भाजपा के राज में हुई। निःसंदेह कानून अपना काम करेगा। मगर कानून बनाने वालों को भी चेतना होगा। उन्हें आरक्षण देने या लेने वालों को यह सबक भी सिखाने होंगे कि संविधान की नजर में महिलाओं का स्थान बराबरी का है। वे असल महाशक्ति तभी बन सकती हैं, जब उनकी निजता, आजादी और अस्मिता पर आंच न आने दी जाए। कमोबेश अपने यहां चुनावी भाषणों में इसकी कोई चर्चा नहीं होती।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृष राशि**-आज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

**तुला राशि**-आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपको कोई भी मौका हाथ से नहीं गंवाना चाहिए।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए कोई सर्टिफिकेट भी मिल सकता है। किसी घरेलू काम के लिए आप पूरे परिवार के साथ मिलकर बातचीत कर सकते हैं।

**मकर राशि**-आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा।

**मीन राशि**-आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद कर सकता है। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे।

# जानलेवा ना बने निर्दोष जनता के लिए

//अनिरुद्ध गौड़//

**मुंबई में गत 13 मई को एक भयंकर धूल भरी आंधी, तूफान और भारी बारिश आई, जिससे मुंबई महानगर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पेड़ उखड़ गए, बिजली गुल हो गई, चल रहा यातायात रुक गया, बचने को लोग जहां तहां छिप गए। इस तूफान से बचने को मुंबई के घाटकोपर के पूर्वी उपनगर में भी एक फ्यूल स्टेशन के शेल्टर के नीचे सौ से अधिक लोग खड़े थे। इस बीच फ्यूल सेंटर के साइड में खड़ा 120 गुणा 120 फीट लंबा चैड़ा विशालकाय टनों वजनी लोहे का विज्ञापन होर्डिंग फयूल स्टेशन पर गिर गया। हादसे में दबकर अबतक करीब 16 लोगों की मौत हो चुकी हैं और करीब 70 घायलों का इलाज चल रहा है।**

देश की व्यावसायिक राजधानी मुंबई में हुआ यह हादसा बेहद गंभीर है। हादसे के बाद अभी भी राहत और बचाव के कार्य चल रहे हैं, महाराष्ट्र सरकार ने हताहतों को मुआवजे की धनराशि देने की घोषणा और घायलों के इलाज के इंतजाम किए है, जबकि मुंबई में लगे सभी होर्डिंगस के सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए हैं। होर्डिंग एजेंसी पर भी मामला दर्ज आरोपी की तलाश है, लेकिन साफ तौर पर यह हादसा व्यवस्था में आमूलचूल लापरवाही का नतीजा है।

रेलवे पुलिस की जमीन पर खड़ा ये होर्डिंग गिरा और जिम्मेदारी की बात उठी तो बीएमसी ने रेलवे पर और रेलवे ने बीएमसी को जिम्मेदार ठहराया है। जिम्मेदारी के आरोप प्रत्यारोप में राजनीति भी गरमा रही है, जबकि इस दुर्घटना में महाराष्ट्र की आई गई सरकार से लेकर हर उस एजेंसी की जिम्मेदारी है जो बड़े इंफ्रास्टक्चर के निर्माण से लेकर उस पर निगरानी तक रखती हैं। सवाल उठता है आखिर व्यावसायिक नगरी मुंबई में मानक से कहीं अधिक बड़ा होर्डिंग कैसे खड़ा हो गया। जबकि मुंबई में 40 गुणा 40 फीट से अधिक बड़ा होर्डिंग लगाने की मंजूरी नहीं है। क्या इस होर्डिंग को लगाने वाली विज्ञापन एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के पास बीएमसी से इस विशालकाय होर्डिंग को लगाने की अनुमति थी। क्यों रेलवे ने बिना बीएमसी की मंजूरी के इतना बड़ा होर्डिंस लगने दिया।

नियमों का उलंघन कर इतने बड़े होर्डिंग की लोगों ने शिकायत की तो क्यों बीएमसी और रेलवे ने इसे हटाने को कदम नहीं उठाएं। क्या शिकायत पर बीएमसी का रेलवे और विज्ञापन एजेंसी को दो साल बाद नोटिस देना ही काफी थां। सवाल यह भी है कि विशालकाय होर्डिंग को लगाने के दौरान निर्माण सामग्री की जांच और सभी सुरक्षा पहलुओं पर क्यों नहीं निगरानी की गई। क्योंकि जब होर्डिंग गिरा तो देखा गया कि होर्डिंग मानक से बहुत कम गहरी नींव पर खड़ा था। आखिर क्यों नहीं जिम्मेदार संस्थाओं ने इस होर्डिंग को लगाने के दौरान निर्माण मानकों और सुरक्षा की जांच परख कीं। क्या होर्डिंग लगाने वाली एजेंसी व्यवस्था से अधिक ताकतवर है जिसके कारण जिम्मेदार अधिकारी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सके। मुंबई शहर समुद्र के किनारे बसा है, कभी भी बारिश होना और तेज हवाओं का चलना यहां आम बात है। जब मुंबई में बड़े इंफ्रास्टक्चर खड़े किए जाते हैं तो बीएमसी सुरक्षा मानकों को पूरी तरह परखकर ही अनुमति देती है। फिर सुरक्षा मानकों और नियम कायदों में कोताही बरतकर बेहद असुरक्षित विशालकाय होर्डिंग का खड़ा हो जाना बीएमसी और रेलवे की लापरवाही नही तो और क्या हैं। पेट्रोल और गैस फ्यूल स्टेशन एक बेहद संवेदनशील यूनिट होती हैं, इसके समीप विशाल होर्डिंग लगाने में सुरक्षा मापदंडों में पूरी कोताही रही है। वैसे जलवायु परिवर्तन से देश ही नहीं वल्कि पूरा विश्व प्रभावित है। प्राकृतिक आपदाओं के हर दिन हादसे देखे जा सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता में वृद्धि हुई है। भारत में समुद्री चक्रवातों की बात करें तो हर साल बंगाल और अरेबियन सी के समुद्र तटों पर कोई न कोई तेज रफ्तार चक्रवाती तूफान तबाही का मंजर लेकर आता है। मुंबई अरेबियन सी के तट पर बसी है। अतीत में झांकें तो पता चलता है कि अरेबियन सी में कई भयंकर तूफान ने कहर बरपाया है। तेज हवाओं और आंधी तूफान से गुजरात के तटों और तटीय गांवों पर बुनियादी ढांचे तहस नहस हुए।

इन चक्रवातों के दृष्टिगत समुद्र किनारे के शहरों में अधिक एहतिया बरतने की आवश्यकता है। विज्ञापन होर्डिंग नगर निकायों की अतिरिक्त आय के साधन हैं। जबकि विशालकाय विज्ञापन होर्डिंग उपभोक्ताओं को दूर से आकर्षित करते हैं। जहां तक देश के राज्यों में विज्ञापन होर्डिंस लगाने की बात है अलग-अलग राज्यों और शहरों में इनको लगाने के दिशा-निर्देश अलग हो सकते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना तो ठीक नहीं क्योंकि ये नगर निकायों की आय के साधन हैं, लेकिन नगर निकायों को इनके मानकों और आमजन की सुरक्षा को देखना भी बहुत जरूरी है। विज्ञापन एजेंसी मनमर्जी से किसी भी आकार, भार और मानकों के होर्डिंस लगाए यह मंजूर नहीं है। ऐसी एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। नगर निकायों को होर्डिंस लगाने के नियम और मानको को स्पष्टता के साथ एक अंतराल पर इनका सुरक्षा ऑडिट करना भी जरूरी है। ताकि संबंधित संस्थाओं की लापरवाही मुंबई के इस होर्डिंग की तरह निर्दोष जनता के लिए जानलेवा ना बने।

# ममता सरकार संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर से नहीं

//योगेंद्र योगी //

**भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है।**

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान और न्यायपालिका में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े इन मुद्दों पर भी केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफत की है। कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के हाइकमान ने भी कभी ऐसे आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर नहीं लगाए, जैसे कि ममता बनर्जी लगाती रही हैं। ममता ने भ्रष्टाचार, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, राजनीतिक आधार पर बंदरबाट जैसे मुद्दों पर अदालतों से जितनी फटकार खाई है, उतनी देश के किसी राजनीतिक दल की सरकार ने नहीं खाई। इतना सब कुछ होने के बावजूद ममता बनर्जी अपनी आदतों से बाज नहीं आई हैं। नया मामला पश्चिमी बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को अदालत द्वारा रद्द करने का है। इस आदेश को सदाशयता से मान कर अपील करने की दलील देने के बजाए मुख्यमंत्री ममता ने ही फैसला देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर भाजपा समर्थक होने का आरोप लगा दिया। ऐसा करके ममता ने बगैर किसी भय के सरेआम अदालत की अवमानना कर दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस आदेश को स्वीकार नहीं करेंगी, जो तपशिली समुदाय को दिए गए अधिकार छीन लेगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। फिर राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। साथ ही तृणमूल सरकार ने भी राज्य में ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। ममता सरकार के इस कानून की वजह से राज्य की 92 फीसदी मुस्लिम आबादी को आरक्षण का लाभ मिलने लगा।हाईकोर्ट ने ओबीसी के मामले में सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। इसके बाद तो मानो ममता का पारा उछल गया। ममता ने अदालत पर मनमाने आरोप लगा दिए। उच्च न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीशों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक न्यायाधीश कह रहा है कि मैं आरएसएस का आदमी हूं, दूसरा भाजपा में शामिल हो जाता है... आप इस तरह से न्यायाधीश कैसे बन सकते हैं और अदालतों की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं? पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुश्री बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि अदालत का फैसला तपशिली समुदाय के लिए आरक्षण रद्द करने के भाजपा के प्रयासों का हिस्सा है। ममता के आरोपों के जवाब में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सुश्री बनर्जी की टिप्पणियों को खारिज कर दिया। शाह ने कहा कि ममता जी ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल के लोगों से पूछना चाहता हूं - क्या ऐसा कोई मुख्यमंत्री हो सकता है जो अदालत के आदेश को मानने से इनकार कर दे? उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने बिना किसी सर्वेक्षण के 118 मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दे दिया। कोई अदालत में चला गया। ममता बनर्जी अपने वोट बैंक के लिए पिछड़े वर्गों के आरक्षण को लूटना चाहती हैं और मुस्लिम जातियों को आरक्षण देना चाहती हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही जो फैसले हैं, वो बताते हैं कि ममता बनर्जी की सरकार गैर-संवैधानिक तरीके से तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थी। ममता बनर्जी ने वोटों के धुवीकरण की राजनीति करने में कसर बाकी नहीं रखी। मुद्दा चाहे रामनवमी पर हिंसा का हो या संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ अत्याचारों का। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने मुसलमानों के वोट बैंक को रिझाने के लिए उल्टे भाजपा और दूसरे विपक्षी दलों पर ही निशाने साधे हैं। इसके अलावा ममता बनर्जी के मौजूदा और पूर्व कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार का ताडंव जम कर हुआ। शारदा घोटाला और नारद स्टिंग खुलासे, कोयला और मवेशी तस्करी, राशन घोटाले और सरकारी परियोजनाओं के लिए फंड से लिए गए कट मनी के आरोपों के बावजूद ममता सरकार में कोई सुधार नहीं दिखा। इससे जाहिर है कि ममता बनर्जी मनमानी करने पर आमदा हैं। बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी मामला, नगर पालिका नियुक्ति घोटाला व राशन वितरण घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक नेता मंत्री सलाखों के पीछे हैं। इनमें पूर्व मंत्री व विधायक पार्थ चटर्जी, विधायक अनुब्रत मंडल, विधायक मानिक भट्टाचार्य, विधायक जिबनकृष्ण साहा प्रमुख हैं। इस कड़ी में वन मंत्री व पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का नाम जुड़ गया है। करोड़ों रुपये के शारदा चिटफंड घोटाले में तृणमूल के तत्कालीन राज्यसभा सदस्य सृंजय बोस और तृणमूल के विधायक और तत्कालीन परिवहन मंत्री मदन मित्रा को गिरफ्तार किया गया था। मित्रा और बोस दोनों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बंगाल पुलिस ने शारदा चिटफंड घोटाले में टीएमसी के प्रवक्ता और पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य कुणाल घोष को गिरफ्तार किया था। ममता सरकार की सर्वाधिक किरकिरी संदेशखाली की शर्मनाक वारदात में हुई। सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि कोई राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट कैसे आ सकती है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले हाई कोर्ट के आदेश पर कोई रोक लगाने से इनकार कर दिया और पूछा था कि राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय से कैसे संपर्क कर सकती है? जहां तक वोटों की राजनीति और बहुमत पाने से काले कारनामों के धुल जाने का सवाल है तो लालू यादव बहुमत के बावजूद जेल गए थे। लोकतंत्र में कानून से खिलवाड़ करने के लिए बहुमत को आधार नहीं माना जा सकता। ममता बनर्जी को इससे सबक लेना चाहिए।

## नये युग में लोकतांत्रिक लोकाचार

वर्ष 2024 चुनावों का एक महत्वपूर्ण समय है, जिसमें विश्व स्तर पर 60 से अधिक देश चुनावी प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। ये चुनाव न केवल घरेलू नेतृत्व को आकार देने में बल्कि वैश्विक नीतियों और नेतृत्व की गतिशीलता को प्रभावित करने में भी गहरा महत्व रखते हैं। लोकतंत्र समकालीन युग में शासन के सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत रूपों में से एक है, जिसे कई देशों द्वारा सबसे प्रभावी और उपयुक्त प्रणाली माना जाता है, हालांकि अक्सर सुविधा के आधार पर अनुकूलन के अधीन होता है। इससे पारंपरिक लोकतांत्रिक संरचनाओं के साथ-साथ मिश्रित लोकतांत्रिक मॉडल का उदय हुआ है।इस परिदृश्य में, लोकतंत्र की व्यापक समझ के लिए चुनाव प्रक्रियाओं और सरकारी मॉडलों पर केवल चर्चा से आगे बढ़ना महत्वपूर्ण हो जाता है। यह जांचना भी उतना ही जरूरी है कि क्या सरकारें वास्तव में अपने नागरिकों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती हैं। कई राष्ट्र लोकतांत्रिक विश्वसनीयता का दावा करते हुए समय-समय पर चुनाव कराते हैं, फिर भी अक्सर लोकतंत्र को रेखांकित करने वाले मूल आदर्शों और सिद्धांतों को बनाए रखने में विफल रहते हैं। इसलिए, आधुनिक लोकतांत्रिक प्रथाओं के सार को समझने के लिए लोकतंत्र के ऐतिहासिक विकास की जांच करना आवश्यक हो जाता है।निरंकुशता से उभरने वाले लोकतंत्र की उत्पत्ति में संघर्षों, संघर्षों और युद्धों द्वारा चिह्नित एक गहरी ऐतिहासिक कथा है। लोकतंत्र मात्र शासन से परे है; यह एक सतत सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन का प्रतीक है - एक ऐसी प्रगति जिसके तहत लोगों ने लंबे समय से चले आ रहे कुलीन शासन से अपने अधिकारों और संप्रभु अधिकार को पुनः प्राप्त कर लिया है। लोकतांत्रिक ढांचे में, पूर्ण प्रधानता चाहने वाले राजाओं या व्यक्तियों के लिए कोई जगह नहीं है; शक्ति और विशेषाधिकार लोगों की सामूहिक इच्छा में निहित हैं। इतिहास के अनेक महत्वपूर्ण क्षणों ने समकालीन लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को आकार दिया है। मैग्ना कार्टा, बिल ऑफ राइट्स, फ्रांसीसी क्रांति, गौरवशाली क्रांति, अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम और पुनर्जागरण और सुधार के बौद्धिक आंदोलनों जैसी ऐतिहासिक घटनाओं ने आधुनिक लोकतंत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा चुनाव से पहले गुरदासपुर में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान गुरदासपुर में अन्य पार्टी नेताओं के साथ प्रधानमंत्री।



दमकलकर्मियों ने डोंबिवली में रासायनिक फैक्ट्री क्षेत्र के अंदर पानी का छिड़काव किया, जहां गुरुवार को ठाणे में एक विस्फोट में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।



आप सांसद राघव चड्ढा पत्नी और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के साथ मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर गए।



मंडी में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अभिनेत्री और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत।



भाजपा राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा को लोकसभा चुनाव से पहले लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पटना में गुरुद्वारा पटना साहिब का दौरा किया।

# पोर्श कार हादसा मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश... पुलिस आयुक्त बोले- दुर्घटना के समय पूरे होश में था आरोपी

**पुणे, 25 मई [एजेंसी]।**

पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त ने कहा कि मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई थी। ताकि यह दिखाया जा सके कि आरोपित किशोर गाड़ी नहीं चला रहा था, जबकि दुर्घटना के समय किशोर पूरी तरह होश में था, उसे अच्छी तरह पता था कि उसके कृत्य से इस तरह का हादसा हो सकता है।इस बीच, आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल समेत छह लोगों को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, मामले को यरवदा पुलिस स्टेशन से क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्श कार चला रहे किशोर ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो साफ्टवेयर इंजीनियरों को टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि हमारी जांच के दौरान यह बात साफ हो गई है कि किशोर ही कार चला रहा था। हमने घटनाक्रम से संबंधित सभी जरूरी साक्ष्य जुटा लिए हैं। उदाहरण के लिए जब किशोर घर से निकला था तो रजिस्टर में उसके कार के साथ निकलने की इंट्री है। आयुक्त ने कहा कि सीसीटीवी साक्ष्यों और चश्मदीदों के आधार पर इस बात की पुष्टि हुई है कि कार किशोर चला



रहा था, जबकि ऐसा दिखाने का प्रयास किया गया कि दुर्घटना के समय कार ड्राइवर चला रहा था।उन्होंने कहा कि हम इस बात की जांच कर रहे हैं और ऐसी कोशिश करने वालों के खिलाफ आईपीसी की धारा 201 (सुबूत नष्ट करना) के तहत कार्रवाई करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत में पुलिस का पक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि सबूतों के आधार पर आरोपित को कम से कम 10 साल की सजा होगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि किशोर को थाने में पिज्जा और बर्गर खाने को दिए गए। उन्होंने कहा कि पिज्जा पार्टी होने के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। कुछ चश्मदीदों पर दबाव होने की शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा कि अगर इस तरह की बात सामने आई तो संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुणे की एक अदालत ने आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल समेत छह लोगों को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अभियोजन पक्ष ने आगे की जांच के लिए उनकी पुलिस हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था।इस मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यरवदा पुलिस स्टेशन के इन दोनों अधिकारियों पर अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप है। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, वो घटना के बाद घटनास्थल सबसे पहले पहुंचे थे, लेकिन मामले की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी और कंट्रोल रूम को नहीं दी थी। इन सबके बीच, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो को लेकर आरोपित की मां परेशान हैं। उन्होंने पुलिस से बेटे की रक्षा करने की अपील की है। वीडियो में एक रैप गीत में आरोपित किशोर के होने का दावा करते हुए कार दुर्घटना में कैसे बच निकलने की बात बताई गई है। एक वीडियो संदेश में किशोर की मां ने कहा कि जो वीडियो प्रसारित हो रहा है वह मेरे बेटे का नहीं है।

## 100 रुपये का पत्ता 500 डॉलर में बेचा, चार साल की कमाई में खरीद ली ऑडी-मर्सिडीज, तरीका जान पुलिस भी रह गई हैरान

**लखनऊ, 25 मई [एजेंसी]।**

एसटीएफ ने शुक्रवार को नशीली और प्रतिबंधित दवाओं की देश और अमेरिका, कनाडा समेत अन्य देशों में में बैठे लोगों को बिक्री करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तीनों को चिनहट टेल्को कंपनी के गेट के पास से पकड़ा है। गिरोह का सरगना दुबई में बैठकर बीते चार साल से नेटवर्क चला रहा है। एसटीएफ सरगना समेत गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का ब्योरा खंगाल रही है। डिप्टी एसपी एसटीएफ दीपक कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में मदेयगंज डालीगंज इरादतनगर का साहिल मुखौटा उर्फ हैदर अली, सीतापुर रोड ब्रह्मनगर का अब्दुल्ला सुहैल उर्फ अंधा और नई बस्ती मदेयगंज का रहने वाला मो. एनफ उर्फ दानिश कालिया है। तस्करों के पास से 13,500 नशीली प्रतिबंधित (ट्रामाडोल) गोलियां, एक स्कूटी, तीन मोबाइल और 3180 रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के तीनों सदस्य कुरियर के माध्यम से प्रतिबंधित दवाओं को विदेश भेजते थे। डिप्टी एसपी के मुताबिक, गिरोह के लोग 100 रुपये कीमत का नशीली दवाओं का पत्ता विदेश में बैठे लोगों को चार से पांच सौ डॉलर में बेचते थे। कुरियर से भेजते थे।

गिरोह के कई सदस्य ऐसे हैं कि चार साल में उन्होंने ऑडी और मर्सिडीज जैसी गाड़ियां और महंगे फ्लैट तक खरीद डाले। इंस्पेक्टर हेमंत भूषण के मुताबिक, अब्दुल्ला सुहैल, मो. एनफ और गिरोह से जुड़े अन्य तस्कर एप के माध्यम से विदेशियों को मैसेज भेजते थे। वह अपना नाम जॉन, एल्विश और रॉबर्ट बताते थे, जिससे उन्हें विश्वास हो जाए।

फिर टेक्सट नाउ, सेकेंड लाइन जैसे एप से इनके वर्चुअल नंबर पता कर इन ग्राहकों से सम्पर्क कर लेते थे। जरूरतमंदों से कैशी, वेनमो, पे पाल एप से भुगतान लेने के बाद नशीली दवाएं उन तक पहुंचा देते थे।

## रफाह में तत्काल सैन्य कार्रवाई रोके इजरायल, अंतरराष्ट्रीय कोर्ट के आदेश के विरोध में इन दो देशों ने जंग का किया समर्थन



**हेग, 25 मई [एजेंसी]।**

संयुक्त राष्ट्र के संरक्षण में कार्य करने वाले अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने इजरायल को रफाह में सैन्य कार्रवाई तत्काल रोकने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह अंतरिम आदेश दक्षिण अफ्रीका की याचिका की सुनवाई के दौरान दिया है। याचिका में गाजा में इजरायल की नरसंहार की कार्रवाई को रोके जाने की मांग की गई है। विदित हो कि मिस्त्र सीमा पर बसे रफाह में अभी भी लाखों शरणार्थी हैं और अंतरराष्ट्रीय विरोध के बावजूद वहां पर इजरायली हमले बढ़ते जा रहे हैं। गाजा में सात अक्टूबर, 2023 से जारी सैन्य कार्रवाई में अभी तक 35,800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और करीब 10 हजार लापता हैं। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का यह आदेश इजरायल के लिए बाध्यकारी नहीं है, लेकिन इस आदेश को न मानने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल की स्थिति और कमजोर होने के आसार हैं।

रफाह पर सैन्य कार्रवाई को लेकर इजरायल का सबसे बड़ा सहयोगी अमेरिका भी असहमत है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के प्रमुख नवाफ सलाम ने कहा कि गाजा की स्थिति दिनों-दिन खराब हो रही है। इजरायल ने वहां के बारे में मांगी गई सूचनाओं की पर्याप्त जानकारी न्यायालय को उपलब्ध नहीं कराई है। रफाह पर हमले रोकने का आदेश उसी के मद्देनजर है। न्यायालय का यह आदेश 15 सदस्यीय पीठ ने 13 सदस्यों के समर्थन और दो सदस्यों के विरोध के आधार पर दिया है।इस आदेश के विरोध में यूगांडा और इजरायल के सदस्य थे। विदित हो कि इजरायल ने रफाह में इसी महीने सैन्य कार्रवाई तेज की है। इजरायल इस मामले की शुरुआत से ही याचिका में लगाए आरोपों को गलत बताते हुए विरोध जताता रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि सैन्य कार्रवाई को रोकने के किसी भी आदेश या सलाह को इजरायल नहीं मानेगा।

## विदेश मंत्रालय ने प्रज्वल रेवन्ना को थमाया कारण बताओ नोटिस राजनयिक पासपोर्ट रद्द को लेकर एस जयशंकर ने कह दी बड़ी बात

**नईदिल्ली, 25 मई [एजेंसी]।**

विदेश मंत्रालय ने जदएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा है कि उनका राजनयिक पासपोर्ट क्यों नहीं रद कर दिया जाना चाहिए। प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने विदेश मंत्रालय से प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा था कि विदेश मंत्रालय प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्रवाई कर रहा है। माना जा रहा है कि वह फिलहाल जर्मनी में हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रज्वल का पासपोर्ट रद करने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया के तहत उनको कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। यह नोटिस उनको ईमेल के जरिये भेजा गया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि विदेश मंत्रालय को प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने का अनुरोध 21 मई को प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट रद करने के लिए हमें न्यायिक अदालत या पुलिस के अनुरोध की आवश्यकता होती है। विदेश मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से यह अनुरोध 21



मई को मिला था। हमने तुरंत इस पर कार्रवाई की। भाजपा पर प्रज्वल को बचाने के कांग्रेस सरकार के आरोपों पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहला कदम नहीं उठाया। मेरा मतलब है, यह पहला मामला नहीं है जब पासपोर्ट रद किया जा रहा है। आईएएनएस के अनुसार, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को कहा कि प्रज्वल रेवन्ना का परिवार उनके बारे में सब कुछ जानता है। जब प्रज्वल रेवन्ना को उनके दादा और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा द्वारा दी गई चेतावनी के बारे में पूछा गया कि उन्हें परिवार से अलग कर दिया जाएगा, तो सिद्दरमैया ने सवाल किया-क्या प्रज्वल अपने परिवार को सूचित किए बिना चले गए हैं। क्या वह अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में नहीं हैं। सिद्दरमैया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य के खिलाफ अनाप-शनाप बातें करके अपने भतीजे प्रज्वल रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना को अपने दादा की चेतावनी पर ध्यान देना चाहिए और कानून का सामना करने के लिए तुरंत लौट आना चाहिए। बताते चलें, देवेगौड़ा ने एक खुला पत्र लिखकर प्रज्वल रेवन्ना को आत्मसमर्पण करने या परिवार के गुस्से का सामना करने को कहा था।

## गाजा में तीन इजरायली बंधकों के शव मिलने से मचा हड़कंप, ताबड़तोड़ हमले की बढ़ी आशंका




**यरूशलम, 25 मई [एजेंसी]।**


इजरायली सेना ने गाजा से तीन और इजरायली बंधकों के शव बरामद किए हैं। जिन बंधकों के शव मिले हैं उनके नाम हनान याबलोंका, मिशेल निजेनबाम और ओरियन हर्नेडेज राडोक्स थे। गुरुवार-शुक्रवार की रात जबालिया में कार्रवाई के दौरान इन बंधकों के शव बरामद हुए। मारे गए इजरायली नागरिकों को हमास के लड़ाके सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमले के दौरान अगवा करके गाजा ले गए थे, जहां उनकी मौत हुई।

इन्हें इजरायल में सात अक्टूबर को सुबह तक जारी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से अगवा किया गया था। चर्चा ये भी है कि हमले के दौरान ये लोग घायल हो गए थे और बाद में उचित इलाज के अभाव में उनकी मौत हुई। इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा है कि इजरायल अपने प्रत्येक नागरिक को हमास की कैद से मुक्त कराने के लिए संकल्पित है। हम उनकी मुक्ति तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस बीच गाजा में इजरायली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई जारी है। जबालिया में इजरायली हमलों में पांच लोगों के मारे जाने की सूचना है जबकि रफाह में इजरायली विमानों ने बमबारी की है। इस बीच गाजा में युद्धविराम के लिए फिर से वार्ता शुरू करने के लिए अमेरिका ने कतर के जरिये कोशिश शुरू कर दी है।

## सिंगापुर एयरलाइंस में टर्बुलेंस से टूटी 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी, एयरलाइंस ने उड़ान में खाना परोसने के बदले नियम

**सिओल, 25 मई [एजेंसी]।**

सिंगापुर एयरलाइंस ने विगत दिनों हुई टुर्ब्यलेंस की घटना के बाद उड़ान के दौरान सीटबेल्ट नियमों में बदलाव किया है। गत मंगलवार को लंदन से सिंगापुर जा रहा सिंगापुर एयरलाइंस का एक विमान सीवियर टुर्ब्यलेंस की चपेट में आ गया था। घटना में एक ब्रिटिश नागरिक की मौत हो गई थी और 60 यात्री घायल हो गए थे। सिंगापुर के प्रसारक चैनल न्यूज एशिया ने एयरलाइंस के हवाले से बताया कि अब हम टुर्ब्युलेंस के लिए और अधिक सतर्क रुख अपना रहे हैं।



इसमें सीट बेल्ट का चिह्न दिखने पर गर्म पेय अथवा खाना नहीं परोसना भी शामिल है। गुरुवार को एयरलाइंस ने कहा था कि सीट बेल्ट का चिह्न दिखने पर चालक दल के सदस्य भी बैठ जाएंगे और सीट बेल्ट बांधेंगे। एयरलाइंस ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से हम अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा जारी रखेंगे।

इधर, सिंगापुर के परिवहन मंत्री ची हांग टैट ने बताया कि कॉकपिट वाइस रिकॉर्डर एवं फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर से मिली जानकारी की जांच करना शुरू कर दी है। गत मंगलवार को टब्युलेंस की चपेट में आए सिंगापुर एयरलाइंस के विमान में दो वर्षीय मासूम समेत 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी और छह लोगों के सिर में गंभीर चोट आई है। 20 यात्री अभी भी आईसीयू में भर्ती हैं। हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं।

## चीन की धमकी के सामने नहीं झुकेगा फिलीपींस, एशियाई व पश्चिमी देशों के साथ जारी रखेगा सैन्य अभ्यास



**मनीला, 25 मई [एजेंसी]।**

फिलीपींस अपने क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिए विवादित जल क्षेत्र में सुरक्षा गठबंधन बनाना और संयुक्त युद्ध अभ्यास करना जारी रखेगा। फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टेओडोरो ने शुक्रवार को इसे फिलीपींस की अधिक चाह के रूप में चीनी आलोचना करने को खारिज कर दिया। रक्षा मंत्री गिल्बर्टो शुक्रवार को मनीला में फिलीपींस नौसेना की स्थापना की वर्षगांठ के अवसर पर सेना के शीर्ष अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। गिल्बर्टो ने चीन का नाम लिए बिना दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की बढ़ती आक्रामक कार्रवाइयों की स्पष्ट रूप से आलोचना की।

उन्होंने कहा, फिलीपींस आक्रामकता और उत्तेजक कदमों को बर्दाश्त नहीं करेगा। दक्षिण चीन सागर में पिछले वर्ष चीन से झड़प के बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डीनैंड मार्कोज जूनियर के प्रशासन ने कई एशियाई और पश्चिमी देशों के साथ नए सुरक्षा गठबंधन बनाने के लिए कदम उठाए हैं और 2014 के रक्षा समझौते के तहत अधिक फिलीपींस अड्डों में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी की अनुमति दी है। अप्रैल और मई में फिलीपींस सेना ने विवादित जल क्षेत्र और उसके निकट अमेरिकी सेना के साथ वार्षिक युद्धाभ्यास किया।

## एकांत में बनी चर्च की दीवार पर अजीबोगरीब पोस्टर, लिखा था ये मैसेज! पुलिस अधिकारी बोले, ये किसी

**फिरोजाबाद, 25 मई [एजेंसी]।**

होली फैमिली चर्च की दीवार पर खुराफाती तत्वों द्वारा धमकी भरे पोस्टर चस्पा कर फिजा बिगाड़ने का प्रयास किया गया। शुक्रवार दोपहर दिखाई दिए इन पोस्टरों में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे परिसर में एकांत स्थान पर बने इस चर्च की दीवारों पर पास में रहने वाले रोबिन सेम्युअल ने दोपहर दो बजे ये पोस्टर लग देखे। इन पर लिखा था कि प्रलोभन देकर धर्मांतरण बंद करो। धन, घर, नौकरी आदि का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन बंद करो। अगर ये बंद नहीं हुआ तो अंजाम भुगतने को तैयार रहें। फिरोजाबाद




और टूंडला चर्च में ऐसी घटनाएं बहुत हो रही हैं। फादर इसे रोकें। जानकारी होने पर ईसाई समुदाय के लोग वहां पहुंचे और आक्रोश जताया।

आनन-फानन में पोस्टर हटाए गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इंस्पेक्टर अनुज कुमार के साथ ही सीओ अनिवेश कुमार ने जायजा लिया। चर्च के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे तलाशे जा रहे हैं, जिससे कुछ फुटेज मिल सकें। इस संबंध में पादरी फादर जिप्सन प्लाटी का कहना है कि कुछ लोग समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। अभी हम बाहर हैं। आकर पुलिस को लिखित शिकायत देंगे। वहीं, सीओ का कहना है कि ये किसी खुराफाती की हरकत है। पोस्टर हटा दिए गए हैं। मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है।

# राजीव गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस ने किया चुनाव आयोग का दुरुपयोग..., पीएम मोदी के इस बयान के बाद शुरू हुई बहस

**नईदिल्ली, 25 मई [एजेंसी]।**


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद लोकसभा चुनाव स्थगित करने पर सवाल उठाने के बाद अतीत में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर जोरदार बहस शुरू हो गई है। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि राजीव गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस ने अनावश्यक रूप से देशभर में चुनाव स्थगित कर दिए।उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने चुनाव में जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए राजीव गांधी के अस्थि कलश के साथ देशभर में यात्राएं कीं। मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वह वर्तमान चुनाव आयोग पर निष्पक्ष नहीं होने का आरोप लगा रही है, जबकि वह खुद इस तरह की रणनीति में शामिल रही है।उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस इस समय चुनाव में समान अवसर नहीं होने के बारे में चिंता जता रही है, लेकिन खुद उसने अतीत में निष्पक्षता के प्रति बहुत कम सम्मान दिखाया था। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि राजीव गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस ने चुनाव में देरी के लिए चुनाव आयोग का दुरुपयोग किया, ताकि जनता की सहानुभूति मिल सके।प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी के बाद एक्स पर बड़ी संख्या में पोस्ट किए गए, जिनमें उस समय के



समाचार पत्रों की कतरनें प्रदर्शित की गईं। इन कतरनों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने नागरिकों से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने एक्स पर लिखा कि यदि चुनाव के दौरान किसी उम्मीदवार की मृत्यु हो जाती है, तो उस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया जाता है। केवल एक सीट के लिए पूरे चुनाव को स्थगित करने का कोई नियम नहीं है। फिर भी मई, 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद पूरे चुनाव को तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। एक अन्य विश्लेषक ने कहा कि कम-से-कम सात मुख्यमंत्रियों ने चुनाव स्थगित करने का कड़ा विरोध किया था। कई लोगों ने इसे लोकतंत्र और संविधान की हत्या कहा था।

इसके बावजूद तत्कालीन चुनाव आयुक्त टीएन शेषन, जो कांग्रेसी राजवंश के जाने-माने वफादार थे, आगे आए और मनमाने तरीके से चुनाव स्थगित कर दिया। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए तीन सप्ताह का उपयोग कांग्रेस द्वारा सहानुभूति हासिल करने के लिए प्रभावी ढंग से किया गया था। इंटरनेट मीडिया यूजरों ने यह भी कहा कि बाद में शेषन को कांग्रेस द्वारा पुरस्कृत किया गया और उन्हें भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया गया। एक अन्य राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि कई अन्य मुख्य चुनाव आयुक्तों को भी कांग्रेस द्वारा पुरस्कृत किया गया।मालूम हो कि यह पूरी बहस कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा मतदान प्रतिशत पर डाटा जारी करने में चुनाव आयोग की देरी को लेकर चिंता जताने की पृष्ठभूमि में चल रही है। खुद पीएम मोदी ने गुरुवार को एक रैली में कहा कि अपनी हार को भांपकर विपक्षी दल ईवीएम को दोष देने और मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाने पर उतर आए हैं।

## शादी में कितना मिला दहेज, सब कुछ बताना होगा वरना मैरिज सर्टिफिकेट के नियमों में यूपी सरकार ने किया बदलाव



**लखनऊ, 25 मई [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने मैरिज सर्टिफिकेट को लेकर नियमों में बदलाव किया है। प्रदेश में अब शादी का प्रमाण पत्र बनवाते समय वर-वधु को दहेज का विवरण भी देना होगा। सरकार की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। मैरिज सर्टिफिकेट के नए नियमों के तहत वर-वधु पक्ष को शादी का कार्ड, आधार कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट और गवाहों के दस्तावेज की पूर्व की व्यवस्था के साथ ही लिए गए दहेज (उपहार) के विवरण का शपथ पत्र देना होगा। अपर महानिदेशक निबंधन मनीन्द्र कुमार सक्सेना ने इस संबंध में सभी सहायक महानिरीक्षकों को बीते 17 मई को आदेश जारी किया है। प्रेषित आदेश में उच्च न्यायालय के निर्देश का हवाला देते हुए कड़ाई से इसका अनुपालन सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा की गई है। अब तक स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में वर-वधु पक्ष की आरे से विवाह का कार्ड, आधार कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट के साथ दो गवाहों के दस्तावेज ही लगाए जाते रहे हैं। सरकार ने अब इसके साथ दहेज के शपथ पत्र को भी अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए कार्यालय में नोटिस भी लगाया गया है।



## सजनी शिंदे का वायरल वीडियो किरदार की मासूमियत बरकरार रखना चाहती हूं : राधिका मदान

मिस्ट्री फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में मुख्य किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान ने बताया कि किस तरह फिल्म ने उन्हें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। राधिका ने अपने किरदार सजनी से जुड़ी कुछ बातें शेयर की।

उन्होंने कहा, सजनी के लिए मुझे वास्तव में दुख हो रहा है। लेकिन इसका उपाय सिर्फ यह है कि आप समाज के लिए अपनी चमक या अपनी मासूमियत को न खोएं। यह बहुत जरूरी है कि आप अपनी नजरों में सही रहें और अपने आप पर भरोसा रखें।

राधिका ने कहा, किसी को बाहरी लोगों के अनुसार अपनी जिंदगी नहीं जीनी चाहिए। इसलिए, मैं सजनी की चमक और मासूमियत को अपने अंदर बरकरार रखने की पूरी कोशिश करूंगी।

फिल्म की शूटिंग से जुड़े एक किस्से को बताते हुए राधिका ने कहा, हर एक सीन ने हमें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। सिर्फ मुझे ही नहीं, बल्कि निर्देशक, सेट पर मौजूद लोगों, को-एक्टर्स को भी.. मुझे लगता है कि हर सीन इंट्रोस्पेक्शन से भरा था।

राधिका ने कहा, आप अपने बारे में नहीं, बल्कि अपने रोल के बारे में सोचते हैं, लेकिन यह फिल्म आपसे यह सवाल करने पर मजबूर करती है कि आप खुद को कैसे देखते हैं।

मिखिल मुसाले द्वारा निर्देशित यह फिल्म सजनी शिंदे (राधिका) की कहानी को उजागर करती है, जिसका जिंदगी एक वायरल वीडियो से पूरी तरह से तबाह हो जाती है।

इसमें निम्रत कौर, भाग्यश्री, सुबोध भावे, सोहम मजूमदार और सुमीत व्यास भी हैं।

फिल्म का प्रीमियर 25 मई को एंड एक्सप्लोर एचडी पर होगा।

## फ्रॉक स्टाइल ड्रेस में आमना शरीफ ने शेयर की तस्वीरें

टीवी की जानी-मानी और खूबसूरत अभिनेत्री आमना शारीफ आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सक उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस आमना शरीफ हमेशा अपने बोल्ड लुक्स से इंस्टाग्राम पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ाती हुई नजर आ रही हैं। फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस आमना शरीफ ने व्हाइट कलर का फ्रॉक स्टाइल ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट नजर आ रही हैं। इस फोटो में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर रिझा रही हैं।



# शुगर के मरीज को ग्लूकोज पाउडर पीना चाहिए या नहीं, क्या इसमें भी शुगर फ्री का ऑप्शन आता है?

ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं और अंगों के लिए एनर्जी का प्रमुख सोर्स है. इसकी कमी से शरीर कमजोर महसूस करने लगता है. गर्मी के मौसम में बहुत से लोग ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल करते हैं, जो हाई ग्रेड डेक्सट्रोज से बना होता है. यह ग्लूकोज का ही रूप है. इसमें कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन ष्ठ मौजूद होता है.




एक्सरसाइज, खेलकूद या सफर करने के बाद जब थक जाते हैं तो ग्लूकोज इंस्टैंट एनर्जी देने का काम करता है. इससे मसल्स की रिकवरी होती है और शरीर को ठंडक मिलती है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या शुगर के मरीज ग्लूकोज पाउडर पी सकते हैं, क्या उनके लिए भी यह फायदेमंद है या इसके कुछ नुकसान भी हैं.

क्या शुगर के मरीज पी सकते हैं ग्लूकोज पाउडर- हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ग्लूकोज सिर्फ फायदेमंद ही नहीं नुकसानदायक भी हो सकता है. अगर ग्लूकोज का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है तो ब्लड शुगर के लेवल का कंट्रोल खत्म हो सकता है. इससे ब्लड शुगर बढ़ सकता है, जो डायबिटिक यानी शुगर के मरीजों के लिए ठीक नहीं है. ग्लूकोज पाउडर के अधिक सेवन से बार-बार पेशाब आने की समस्या और खाने की क्रेविंग बढ़ सकती है.

मोटापा बढ़ा सकती है, जो डायबिटीज का कारण है- ग्लूकोज पाउडर का ज्यादा सेवन मोटापा बढ़ा सकता है, जो डायबिटीज के कारणों में से एक है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि, ग्लूकोज जब शरीर में पहुंचता है तो शुगर की मात्रा को बढ़ा देता है, जिससे मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और मोटापा बढ़ने लगता है. इसकी वजह से खाने की क्रेविंग बढ़ती है और ज्यादा खाने-पीने का मन करता है. इससे वजन बढ़ सकता है. ग्लूकोज शरीर में वॉटर रिटेंशन को बढ़ा कर सूजन पैदा कर सकता है.

कब और कितना लेना चाहिए ग्लूकोज पाउडर

1. ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल रोजाना नहीं करना चाहिए.

2. गर्मी के मौसम में दिन में एक बार से ज्यादा ग्लूकोज न लें.

3. दो चम्मच ग्लूकोज पाउडर और एक गिलास ठंडा पानी ही लें.

4. ग्लूकोज को खाली पेट और सुबह पीना अच्छा माना जाता है.

5. धूप से आने के बाद तुरंत ग्लूकोज पाउडर वाला पानी न पिएं. 6. डायबिटीज के मरीज डॉक्टर की सलाह पर ही किसी ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल करें.

## गर्मी के कारण आने लगे चक्कर तो बचने का यह है आसान तरीका, लू लगे इससे पहले ही कर लें ये काम



भारत इस वक्त भीषण गर्मी से जूझ रहा है. जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव और भी तेजी से बढ़ने वाली है. साइंटिस्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ महीनों में हीट वेव लगातार बढ़ेगा. जिसमें हीट सिंकोप की दर अधिक है. हीट वेव के कारण लोगों को बेहोशी या चक्कर आने जैसी समस्या ज्यादा हो रही है. यह ऐसी स्थिति है जो आमतौर पर बहुत देर तक खड़े रहने या बैठने या लेटने के कारण होता है.

बेहोशी के ऐसे मामले अक्सर होते हैं और भारत में स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों में अक्सर देखे जाते हैं एक ऐसा देश जिसकी आबादी दुनिया में सबसे ज़्यादा है. लेकिन चक्कर आने की समस्या को अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है. क्योंकि माना जाता है कि तापमान में वृद्धि ही इसके लिए ज़िम्मेदार है. हालांकि, काफी ज्यादा गर्मी पड़ने के कारण इसका बुरा असर शरीर पर पड़ता है. हीट वेव के कारण चक्कर क्यों आते हैं?

भीषण गर्मी में जब तापमान बढ़ने लगता है तो शरीर के अंदर का बैलेंस बिगड़ जाता है. ऐसे में स्वेटिंग शुरू होती है. जिसके कारण शरीर से काफी ज्यादा पसीना निकल जाता है.यही वजह है कि अक्सर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं. बाद में यही चक्कर का कारण बनती है.

गर्मी जब ज्यादा पड़ती है तो अक्सर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं. इसके कारण हीटबर्न और हीट स्ट्रोक जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. दरअसल, शरीर में टेंपरेचर को मेंटेन नहीं कर पाता है. जिसके कारण टेंपरेचर बढ़ जाता है. शरीर को ऐसा करने से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है.

एक इंसान 42.3 डिग्री तक का तापमान हेंडिल कर सकता है. एक व्यक्ति बहुत ही ज्यादा गर्मी और ठंडा बर्दाश्त नहीं कर सकता है. ऐसी स्थिति में बेहोशी, चक्कर जैसी समस्या होती है. इसके कारण इलेक्ट्रोलाइट का बैलेंस का बिगड़ता है और फिर बेहोशी हो सकती है.

बेहोशी आने से पहले शरीर पर दिखाई देते हैं ये लक्षण

अधिक तापमान के कारण घबराहट महसूस होना, सिर में दर्द, प्यास लगना यह सब बेहोशी के संकेत हो सकते हैं. इस मौसम में शराब पीने से बचना चाहिए. क्योंकि इसस आप डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं.


## रिलीज से पहले ही कमल हासन की ठग लाइफ ने बनाया एक नया रिकॉर्ड

साउथ सुपर स्टार कमल हासन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे एक बार फिर से दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम के साथ काम कर रहे हैं। कमल हासन के फैंस अभी से ही उनकी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। दर्शक बेसब्री से ठग लाइफ की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने नाम एक रिकॉर्ड बना लिया है। निर्देशक मणिरत्नम 36 साल बाद एक बार फिर से कमल हासन के साथ काम कर रहे हैं। इन दिनों ठग लाइफ की शूटिंग दिल्ली में चल रही है। हर दिन कमल हासन की इस फिल्म से जुड़ी कोई न कोई खबर आती ही रहती है। वहीं आज जो खबर आई है वह कमल हासन के फैंस को काफी उत्साहित करने वाली है। रिपोर्ट्स की माने तो ठग लाइफ की ओवरसीज राइट्स 63 करोड़ रूपये में बिकी है।

ठग लाइफ कॉलीवुड की पहली ऐसी फिल्म है जिसके ओवरसीज राइट्स 63 करोड़ रूपये में बिके हैं। इस खबर के बाद से कमल हासन के चाहने वालों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ठग लाइफ में कमल हासन तीन अलग-अलग किरदारों को निभाते नजर आएंगे।

# पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने सूसेकी की पहली झलक आउट, नए अंदाज में लौटेंगे सामी-श्रीवल्ली

अल्लू अर्जुन स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने सूसेकी का आज 23 मई को एलान हो गया है. साथ ही इस गाने सूसेकी से अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर धमाल करने जा रही है. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने सॉन्ग सूसेकी का एक प्रोमो जारी किया है और साथ ही बताया है कि यह गाना कब रिलीज होने जा रहा है. इससे पहले बीती 22 मई को पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने सूसेकी की जानकारी मेकर्स ने दी थी. अब फैंस के बीच पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने की डेट सामने आ गई है और अब फैंस को इस तारीख का इंतजार रहेगा.



पुष्पा 2 द रूल का दूसरा गाना सूसेकी भी म्यूजिक कंपोजर देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है. पुष्पा के पहले पार्ट में भी डीसपी के अपने म्यूजिक से धमाका किया था फिल्म के गाने दुनियाभर में छाए थे. इसमें ऊं अंटावा, सामी-सामी और श्रीवल्ली खूब हिट हुए थे. अब देखना है फिल्म पुष्पा 2 द रूल के गानों को कितना प्यार मिलता है. सॉन्ग सूसेकी 29 मई को सुबह 11.07 बजे रिलीज होगा.हालांकि, पुष्पा 2 द रूल के पहले गाने पुष्पा-पुष्पा ने रिकॉर्ड तोड़ दिया और अब देखना है कि फिल्म का दूसरा गाना क्या कमाल करता है. बता दें, सुकुमार के डायरेक्शन में बनी फिल्म पुष्पा 2 द रूल का इंतजार अल्लू अर्जुन के फैंस को खूब है. फिल्म को रिलीज होने में अब ढाई महीने का ही समय बचा है.

## शब्द सामर्थ्य -067

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 066 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तीं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |



## 100 करोड़ क्लब में पहुंची तमन्ना भाटिया की अरनमनई 4

अरनमनई 4 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है. फिल्म हर रोज ना सिर्फ घरेलू बॉक्स पर बल्कि दुनिया भर में दमदार कारोबार कर रही है. फिल्म ने भारत में जहां 50 करोड़ रुपए क्लब में एंट्री ले ली है तो वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म का कलेक्शन 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है.

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस अवनि मीडिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. 100 करोड़ के कलेक्शन की जानकारी देती एक क्लिप के साथ उन्होंने लिखा- सिनेमाघरों में जश्न, बॉक्स ऑफिस पर एक फिनोमिना. दुनिया भर में 100 करोड़ की कमाई करने वाली 2024 की पहली तमिल फिल्म और यह सब उस प्यार से है जो आपने हमें दिया है.

तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म अरनमनई 4 इसी 10 मई को रिलीज हुई थी. फिल्म ने अपने 19 दिनों के वर्ल्डवाइट कलेक्शन के मामले में कैप्टन मिलर और अयालान जैसी फिल्मों को मात दे दी है. फिल्म अपने धांसू कलेक्शन के साथ साल 2024 में तमिल सिनेमा की सबसे बड़ी हिट बन गई है.

अरनमनई 4 एक कॉमेडी-हॉरर फिल्म है जिसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में हैं. फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म में एक भाई अपनी अलग हो चुकी बहन की मौत के पीछे की सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करता है. उसकी बहन को लेकर कहा जाता है कि उसने खुदकुशी की है, लेकिन उसे लगता है कि इसके पीछे किसी सुपरनैचुरल ताकत का हाथ है. फिल्म में तमन्ना भाटिया के अलावा राशि खन्ना और सुंदर सी भी हैं. फिल्म का डायरेक्शन भी सुंदर सी ने ही किया है.

## गुड बैड अग्ली फिल्म से अजित का पहला लुक आया सामने, माफिया डॉन की भूमिका में दिखे दिग्गज अभिनेता



दक्षिण भारतीय अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर के साथ एक बड़ी घोषणा की है। अभिनेता की फिल्म अगले साल पोंगल पर रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग शुरू होने के लंबे समय के बाद निर्माताओं द्वारा कोई आधिकारिक घोषणा की गई है। इस घोषणा से पहले ही प्रोडक्शन ने अजित के प्रशंसकों को सूचित कर दिया था कि फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आएगी।

'माइथ्री प्रोडक्शंस' ने अपने सोशल मीडिया पर 'गुड बैड अग्ली' फिल्म से अभिनेता अजित का अनोखा लुक जारी किया है। पोस्टर में अजित के तीन लुक दिख रहे हैं। अजित के लुक को देखकर लग रहा है कि वह किसी माफिया का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं। उनके सामने टेबल पर बहुत सारी बंदूकें रखी हैं। प्रशंसक अभिनेता के इस लुक को देखकर अंदाजा लगा रहे हैं कि यह एक अपराध कॉमेडी फिल्म हो सकती है।

फिल्म के पोस्टर को देखकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में अजित कुमार ट्रिपल भूमिका में नजर आ सकते हैं। बता दें कि 2006 की ब्लॉकबस्टर 'वरलारु' के बाद यह अजित कुमार की दूसरी ट्रिपल भूमिका वाली फिल्म होगी।

गुड बैड अग्ली की बात करें तो निर्माताओं ने एक विश्वसनीय तकनीकी टीम के साथ इसपर काम किया है। संगीत 'रॉकस्टार' ने दिया है। अभिनंदन रामानुजम फोटोग्राफी निर्देशक के रूप में फिल्म से जुड़े हैं। 'पोंगल' को तमिलनाडु में फिल्म रिलीज के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चर्चा है कि शंकर द्वारा निर्देशित कमल हासन अभिनीत फिल्म 'इंडियन 3' भी पोंगल के आस-पास ही रिलीज हो सकती है। वहीं, राम चरण की 'गेम चेंजर' अगले साल जनवरी में रिलीज होने की उम्मीद है।

## क्रिमिनल जस्टिस 4 का टीजर आउट, कोर्ट रूम में माधव मिश्रा बन पेचीदा केस सॉल्व करते नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी



पंकज त्रिपाठी की मोस्ट पॉपुलर वेबसीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' के 3 सीजन को काफी पसंद किया गया था. सीरीज के तीनों सीजम में पंकज त्रिपाठी ने वकील माधव मिश्रा के किरदार में खूब दिल जीता था. वहीं फैंस इस सीरीज के चौथे सीजन का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. ऐसे में फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ाते हुए मेकर्स ने 'क्रिमिनल जस्टिस 4' का टीजर जारी कर दिया है साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.ओटीटी दिग्गज डिज्नी+हॉटस्टार ने शुक्रवार को क्राइम ड्रामा सीरीज़ क्रिमिनल जस्टिस के चौथे चैप्टर की अनाउंसमेंट की है. नई इंस्टॉलमेंट में अभिनेता पंकज त्रिपाठी एक बार फिर अपना आइकॉनिक माधव मिश्रा के किरदार में नजर आएंगें. प्लेटफॉर्म द्वारा जारी की गई सीरीज की पहली झलक में पंकज त्रिपाठी काला कोट पहने कोर्ट में नजर आते हैं. इसी दौरान पंकज कहते हैं अरे क्या.. शांत कोर्ट जारी है.

# खाद-बीज की कालाबाजारी व अधिक कीमत पर बेचने पर होगी कड़ी कार्यवाही-कलेक्टर

## किसानों को समय पर खाद, बीज, कीटनाशक दवाई वितरण सुनिश्चित हो




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रबी फसल वर्ष 2023-24 की प्रगति की समीक्षा तथा खरीफ वर्ष 2024 कार्यक्रम निर्धारण के संबंध में जिलास्तरीय बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर दिशा-निर्देश दिए।

जिले में खरीफ वर्ष 2024 फसल सीजन में खाद-बीज की किसी भी तरह कालाबाजारी की शिकायतें मिलने या अधिक कीमत पर बेचने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष की बैठक में खाद-बीज की भण्डारण, वितरण की समीक्षा की गई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 1 अप्रेल 2024 से अभी तक यूरिया 27,505.80 क्विंटल, इफको, 10,289.11 क्विंटल, डीएपी 14,166.50 क्विंटल, सुपर फास्फेट 1857.50 क्विंटल, पोटाश 866.50 क्विंटल, जिंक 1645.85 क्विंटल, कुल 56,321.26 क्विंटल भण्डारण है, जिसमें से 15,212.39 क्विंटल वितरण हो चुके हैं तथा 41108.87 क्विंटल शेष स्टॉक है। श्री लंगेह ने विभागवार समीक्षा के दौरान धान के अलावा मिलेट्स के तहत कोदो- कुटकी, रागी, ज्वार, दलहन, तिलहन आदि फसलों के रकबा को बढ़ाने के निर्देश दिए तथा किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को समय पर मानक बीज, खाद, कीटनाशक दवाई आदि वितरण सुनिष्चित हो। पीएम किसान अंतर्गत ईकेवायसी, आधार सीडिंग व वन अधिकार पट्टाधारियों को योजना से जोड़ने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री लंगेह ने उद्यानिकी के तहत फल, सब्जियां, मसाला, फूल, औषधी व सुगंधित फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बात दें वर्ष 2023-24 में 1791 हेक्टेयर में 205772 मीट्रिक टन उद्यानिकी फसलों का उत्पादन हुआ था। कलेक्टर श्री लंगेह ने पशुधन विकास, मत्स्य पालन, बीज निगम, सहकारी विपणन संघ आदि विभागों के समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिले, इसके आवश्यक पहल करें तथा किसानों को किसी भी प्रकार समस्याएं आने पर शीघ्र निराकरण करें। श्री लंगेह ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, बेवजह काम को लटकाने, पेंडिंग रखने या एक-दूसरे के ऊपर आरोप लगाकर काम से बचने की आदत को सुधारने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सबकी जिम्मेदारी है कि किसानों को सही समय पर योजनाओं का लाभ मिले इसके स्वप्रेरणा से कार्य करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, बीज निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

### एसपी कोरिया की अपील-कृपया ऐसा करके अमूल्य मानव जीवन को जोखिम में ना डालें

# मालवाहक वाहन में ढो रहे थे सवारी, कोरिया पुलिस ने एमव्ही एक्ट के तहत की चालानी कार्यवाही



**कोरिया बैकुंठपुर।** पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देशानुसार ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा यातायात के नियमों का पालन कराने शहर के विभिन्न मार्गो पर चेक पॉइंट लगाकर निरंतर कार्यवाही कर रही है।

बुधवार एवं गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा शहर के अलग - अलग स्थानो में चेक पॉइंट लगाकर मालवाहक वाहनो में सवारी ले जाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया है। कोरिया पुलिस की ट्रैफिक टीम ने महलपारा एवं चेर चेक पॉइंट में जाँच के दौरान पाया कि मालवाहक वाहन पिकप गाड़ी में सवारी भरकर ले जाया जा रहा है। जिस पर महलपारा चेक पॉइंट में 3 प्रकरणों पर चालानी कार्यवाही किया गया है, जिसमे M.V.Act की धारा 166/192(क)1 लगाया गया है। वहीं चेर चेक पॉइंट में 01 प्रकरण में 81/177 की धारा लगाया जाकर चालनी कार्यवाही की गई है। उपरोक्त वाहनो के खिलाफ कार्यवाही कर शमन शुल्क वसूला किया गया है। इसके साथ ही उनके लायसेंस एवं वाहन सम्बन्धी अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजो की जांच भी की गई है। वहीं उपरोक्त 4 प्रकरणों में वाहन मालिकों को शमन शुल्क लेकर छोड़ा गया है एवं समझाइश दी गई है कि पुनः मालवाहक वाहनो में सवारी ले जाने पर वाहन को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही संस्थित की जावेगी। एसपी कोरिया ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। ओवरलोड माल वाहन चालकों एवं मालवाहक वाहनो में सवारी ले जाने वालो के खिलाफ कोरिया पुलिस द्वारा निरंतर चेक पॉइंट लगाकर कार्यवाही की जा रही है। उन्हें नियमों का पालन करने के लिए समझाइश भी दी जा रही है। कोरिया पुलिस द्वारा मालवाहक/पिक अप पर मजदूरों/लोगों को ढोने/ओवरलोडिंग आदि पर कड़ाई की जाकर चार वाहनों पर भारी जुर्माना ठोंका गया है। इसी के साथ एसपी कोरिया ने अपील की है कृपया ऐसा करके अमूल्य मानव जीवन को जोखिम में ना डालें और ऐसे किसी वाहन की जानकारी कोरिया पुलिस कंट्रोल को तत्काल साझा करें।

# मतगणना हॉल में मोबाइल, स्मार्टवॉच व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध

## जिले में 7 मई को हुआ था मतदान 4 जून को होगी मतगणना

**कोरिया।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि मतगणना के दिन मतगणना हॉल, आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग कैलकुलेटर प्रदाय किया जाएगा व मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी।

मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार- प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जा सकेंगे पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल।

**ये सामग्री रहेंगी प्रतिबंधित**

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** गांधी चौक सारागांव में पुरानी रंजिश को लेकर पांच युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया।प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# ईसीसीई पाठ्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण बैकुंठपुर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई है।

जिले के 111 बालवाड़ी केन्द्रों के कार्यकर्ता व 222 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्यस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 23 से 25 मई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में आज समाजसेविका, प्रोफेसर डॉ.एकता लंगेह ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर बहुत ही सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के नैसर्गिक विकास के साथ उनकी रूचि को पहचानना बहुत जरूरी है। डॉ. लंगेह ने बालिका शिक्षा के बारे में कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में एक ऊंचे मुकाम हासिल कर रही हैं। शिक्षा तो जरूरी है ही साथ उनके हुनर को भी पहचाना जाना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे में अलग-अलग विधा होते हैं। इसलिए हमें उनकी रूचि के अनुसार खेल, कला, संगीत, शिक्षा, प्रशासनिक, डॉक्टर, इंजीनियर, समाजसेवा आदि को परखते हुए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने बालवाड़ी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग बच्चों के परवरिश के साथ उनके खेल-खेल में पढ़ाई-लिखाई कराते हैं, वह सराहनीय है। इसके अलावा उन्हें घर से जो संस्कार मिलता है आप लोगो से जो सीख मिलती है, वह जीवन में बहुत उपयोगी होते हैं, इसलिए बहुत ही जिम्मेदारी व लगन के साथ, स्वप्रेरणा होकर बच्चों का भविष्य बनाए।

डॉ. एकता लंगेह ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों से निकलकर जो बच्चे स्कूल में पढ़ाई करेंगे, उनके सर्वागीण विकास पर शिक्षक-शिक्षिकाएं अवश्य ध्यान दें। वे बीच में पढ़ाई न छोड़े यह ध्यान जरूर रखें।

बता दें 5 वर्ष की कम आयु वाले प्रत्येक बच्चों को प्रारंभिक कक्षा या बालवाटिका में भाग लेते हैं जिसमें ईसीसीई द्वारा योग्य शिक्षक होते हैं। मिड डे मील कार्यक्रम का लाभ प्राथमिक कक्षाओं तक विस्तारित किया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन आज बीईओ देवेश कुमार जायसवाल, बीआरसी नीलेश गुप्ता, मास्टर ट्रेनर्स दीपक तिर्की, दिनेश नायक, जितेंद्र साह, अनूपा लकड़ा, महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव व परियोजना अधिकारी श्रीमती सरस्वती डे उपस्थित थे।

# पिकअप में ले जा रहे थे सात मवेशी, एक गिरफ्तार



**रामानुजनगर।** अवैधानिक तरीके से मवेशियों को भरकर ले जा रहे एक पिकअप वाहन को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस की घेराबंदी देखकर पिकअप चालक फरार हो गया, वहीं एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूरता से मवेशियों को वाहन में लोडकर तस्करी की सूचना मिली थी।सूचना पर रात्रि गस्ती दल को रवाना किया गया। एसआइ माधव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम मोहनपुर में घेराबंदी कर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीबी 1709 को रोका और तलाशी लेने पर वाहन में तीन बैल, दो गाय तथा दो बछिया कुल सात मवेशी बरामद किए गए। उक्त मवेशियों को ग्राम पस्ता के गोठान में रखा गया है। वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया जबकि एक अन्य आरोपित ग्राम सूरता निवासी वाहिद अली को गिरफ्तार किया गया है।बता दें, पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी मवेशी तस्करी का धंधा यहां रूकने का नाम नहीं ले रहा है। मवेशी तस्करी के लिए कुख्यात सूरता गांव से लगातार तस्करी की खबरें आती रही हैं। कुछ माह पूर्व ही क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी द्वारा भी तस्करों का पीछा करते हुए बड़े पैमाने पर भैंसों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। मवेशी तस्करी रोकने तमाम संगठन भी क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं इसके बाद भी तस्करों के हौसले बुलंद हैं और वे अपने अवैध कारोबार से बाज नहीं आ रहे हैं।

### डिवाइडर के खंभे से टकराई मोटरसाइकिल, दो घायल

**बिश्रामपुर।** गुरुवार की रात तेज गति की मोटरसाइकिल के हाइवे पर पुलिस थाना के सामने डिवाइडर के खंभे से टकरा जाने से मोटरसाइकिल चालक व सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 ए 05328 का चालक एस कुमार अपने साथी पंकज को बिठाकर तेज रफ्तार में बिश्रामपुर की ओर से सूरजपुर की ओर जा रहा था। पहले उसने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सब्जी दुकान के सामने पैदल जा रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मारी।

### व्यवसायी ने ट्रक के नीचे घुस कर आत्महत्या कर ली

**अंबिकापुर।** शहर के गांधी चौक पर शुक्रवार की दोपहर रामानुजंगज के व्यवसायी ने ट्रक के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। सीसी कैमरे के फुटेज से पता चला की गांधी चौक पर घटना से पहले मृतक डिवाइडर पर बैठा था। रेड सिग्नल पर वाहनें रुकी हुई थी। जैसे ही ग्रीन सिग्नल हुआ और ट्रक आगे बढ़ने लगा तो डिवाइडर से कूद कर व्यक्ति सीधे ट्रक के पहिए में घुस गया। पीछे कार में सवार लोगों ने आवाज भी लगाई । ट्रक चालक ने ट्रक भी रोक दी तब तक व्यक्ति पहिए से कुचल गया था। घटना के बाद कड़ी मशक्कत के बाद उसके शव को बाहर निकाला जा सका। मृतक की पहचान रामानुजंगज के व्यवसायी संजीत गुप्ता(45) के रूप में की गई है। कुछ दिनों से उनके मानसिक अवसाद में रहने की जानकारी पुलिस को मिली है। उन्होंने आत्महत्या क्यों की यह स्पष्ट नहीं हो सका है। शुक्रवार की दोपहर अंबेडकर चौक की ओर से आ रही ट्रक, कार समेत अन्य वाहनें गांधी चौक पर रेड सिग्नल होने के कारण आकर खड़ी हो रही थी। इसमें एक ट्रक भी था। ट्रक के बगल में ही डिवाइडर पर एक व्यक्ति बैठा था। वाहनों के चालक, सिग्नल ग्रीन होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

### उत्तर प्रदेश में हादसा शहर के व्यक्ति की मौत

**रामानुजगंज।** बनारस मार्ग पर डाला के समीप खड़ी ट्रक से स्कार्पियो की टक्कर से रामानुजंगज निवासी राजेश राहगीर की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य घायल हुए है। रामानुजंगज स्टेट बैंक रोड निवासी राजेश राहगीर अपनी पत्नी, पुत्र, दामाद एवं दामाद के भाई के साथ स्कॉर्पियो से बनारस जा रहे थे। इसी दौरान डाला के समीप खड़ी ट्रक से स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई जिससे राजेश राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई।

### परेड अच्छे कमांड से चलता है, कमांड पर रखे पूरा फोकस : डीआईजी



**सूरजपुर।** पुलिस अनुशासित विभाग है और अनुशासन को बनाए रखने के लिए परेड अत्यन्त आवश्यक है, परेड टीम वर्क के साथ ही टोली लीडर के कमांड पर आधारित है, परेड को अच्छा कमांड मिलेगा तो परेड भी अच्छी और आकर्षक होगी, टोली लीडर को परेड की और बारीकियों को जानते हुए आगामी परेड में दुरूस्त प्रदर्शन करने के निर्देश शुक्रवार, 24 मई 2024 को पुलिस लाईन पर्री में आयोजित जनरल परेड में डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने दी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आईजीपी सरगुजा रेंज सरगुजा का वार्षिक निरीक्षण है इस हेतु उत्कृष्ट परेड व वेशभूषा सहित अन्य कार्यवाहियों को दुरूस्त रखा जाए। सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों को परेड कमांड का और अभ्यास करने व जवानों के वेशभूषा को एकरूपता बनाने रखने के निर्देश दिए और अच्छे वेशभूषा व परेड़ करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। थाना प्रभारियों से टोलीवार स्कवार्ड ड्रिल भी करवाया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी सूरजपुर एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना-चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना-चौकी व कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सरकारी शराब में मिलावटखोरी, पकड़े गए कर्मी



**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में संचालित शासकीय अंग्रेजी शराब की दुकानों के कर्मचारियों द्वारा ही शराब में मिलावट की जा रही है। पूर्व में शराब में मिलावट की पुष्टि के बाद अब वाड्रफनगर शराब दुकान में मिलावट करते कर्मचारी पकड़ में आए हैं। जिले के वाड्रफनगर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब की दुकान से अधिक कीमत पर शराब बेचने की शिकायत की जांच करने पहुंची संभागीय उड़नदस्ता के दल ने सेल्समेन द्वारा दिनदहाड़े शराब में पानी की मिलावट करते पकड़ा। संभागीय उड़न दस्ता दल ने तीन बोतल मिलावटी शराब जब्त करने के साथ ही दो सेल्समैन के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 38 के तहत कार्रवाई की है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता दल को लंबे समय से वाड्रफनगर स्थित शासकीय शराब दुकान से निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। ग्राहकों के द्वारा विभाग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत की गई। जिसके बाद विभाग हरकत में आया, शिकायत पर आबकारी के संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल शराब की दुकान में जांच करने पहुंचा, जिस समय टीम पहुंची । शराब दुकान के सेल्समेन नीरज गुप्ता एवं दीपक गुप्ता शराब की बोतल खोलकर पानी मिला रहे थे। सेल्समैन द्वारा तीन ब्रांडेड शराब की बोतल में पानी मिलाया जा चुका था तथा मिलावट करने के लिए एक बोतल खोल शराब रखे थे। संभागीय उड़न दस्ता ने शराब के बोतलों की जांच कराई तो मिलावट मिली। इसके बाद दोनों सेल्समैन की विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 38 के तहत कार्रवाई की गई। संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि शराब में मिलावट या अधिक कीमत पर शराब मिलने पर विभाग के टोल फ्री नंबर 14405 में शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वाड्रफनगर शराब दुकान में दो सेल्समैन को मिलावट करते पकड़ा गया था, जिन पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

**प्लेसमेंट एजेंसी की भूमिका संदिग्ध**

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में लंबे समय से अधिक कीमत पर शराब बेचने की शिकायतें ग्राहकों के द्वारा की जाती रही है। शराब में मिलावट भी की जा रही है, परंतु कार्रवाई नहीं होने से ग्राहकों को लगातार मिलावटी शराब परोसा जा रहा है। मामले में प्लेसमेंट एजेंसी की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। जिला मुख्यालय बलरामपुर में स्थित शराब दुकान में भी मिलावट की जा रही थी। इसका भंडाफोड़ पुलिस ने किया था। तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत कतलम के नेतृत्व में पुलिस बल के द्वारा पकड़ा गया था। जिस पर वैधानिक कार्रवाई की गई थी परंतु शराब में मिलावट रुक नहीं पा रहा है।

### कालरी कर्मचारी हुआ साइबर ठगी का शिकार



**सूरजपुर।** जिले में साइबर ठगी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। इस बार तो एक कालरी कर्मी का साइबर ठग ने ईमेल हैक कर 60 हजार रुपये की ठगी कर लिया। ठगी के शिकार कालरी कर्मी के मोबाइल पर ओटीपी तो आया, लेकिन उसकी जानकारी किसी ने नही मांगी। उसके बावजूद हैकर ने ओटीपी निकालकर फ्लिप कार्ड पर 60 हजार का गिफ्ट कार्ड क्रय कर लिया। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गांयत्री भूमिगत परियोजना में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर अमन कश्यप ने बताया कि वह 21 मई को सुबह करीब पौने दस बजे ड्यूटी में था। उसी दौरान एसबीआई क्रेडिट कार्ड से बिना ओटीपी बताए हैकर ने उसके ईमेल को हैक कर खुद से ओटीपी निकाल लिया और फ्लिप कार्ड पर 60 हजार रुपये का गिफ्ट कार्ड क्रय कर लिया। जिसकी सूचना उसने तत्काल स्टेट बैंक प्रबंधन को देने के साथ ही इसकी शिकायत बिश्रामपुर थाना में देकर कार्यवाही की मांग की है। बता दें कि रोजाना कोई न कोई साइबर ठगी का शिकार हो रहा है। अधिकांश मामलों में पुलिस पीड़ित को समझा बुझा के बैरंग लौटा देती है। जिस मामले में अपराध दर्ज होता है, उस मामले में भी पुलिस मुख्य आरोपित तक पहुंच पाने में नाकाम रहती है। मजे की बात तो ये है कि यदि किसी मामले में अपराध दर्ज भी होता है, तो उसकी पड़ताल में राज्य से बाहर जाने के लिए ठगी के शिकार से ही आने जाने के लिए साधन उपलब्ध कराने को कहा जाता है।

### दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप पर लुंड्रा पुलिस ने ग्राम ससौली छिरोपारा निवासी लक्ष्मीकान्त मरावी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की थी कि पहचान का फायदा उठाकर शादी का झांसा दे आरोपित ने पहली बार 14 फरवरी 2021 को दुष्कर्म किया। उसके बाद लगातार वह उसके संपर्क में रहा। बाद में आरोपित ने शादी करने से मना कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्धधारा 363, 366 (क) 376 (2) (ढ), 313 आईपीसी व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपित को घेराबंदी कर पकड़ा। घटना के सम्बन्ध में पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# अमरैया बायपास पर बेकाबू कोयला लोड ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, मकान की दीवार टूटी

## काफी दूर तक सुनाई दी ट्रेलर पलटने की आवाज

**कोरबा।** भारी वाहनों को एक पखवाड़ा पहले से गुरु घासीदास तिराहा, अमरैया बाईपास होकर संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। शनिवार को सुबह 5बजे इस मार्ग पर कोयला लोड ट्रेलर बेकाबू होने के साथ इस रास्ते पर पलट गया। घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ लेकिन एक व्यक्ति के मकान के सामने की दीवार को नुकसान हुआ है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदानों से कोयला लोड कर विभिन्न क्षेत्रों को जाने वाले भारी वाहनों के लिए पहले सर्वमंगला सड़क का विकल्प था। सैकड़ों मीटर के पेंच और एक पुलिया के काम इस रास्ते पर शेष बचे हुए हैं जिन्हें हर हाल में पूरा करना है। इसे लेकर काफी समय से परेशानी आ रही थी। इसलिए प्रशासन के द्वारा कामकाज पूरा होने तक के लिए इस रास्ते से भारी वाहनों का परिचालन बंद कर दिया गया है और चांपा व रायगढ़ की दिशा में जाने वाले वाहन सीएसईबी चौक से अमरिया बाईपास होते हुए जा रहे हैं। यह क्षेत्र व्यावसायिक और आबादी वाला होने के कारण पहले भी आपत्तियां जताई गई थी। जानकारी के अनुसार आज सुबह 5बजे अमरैया बाईपास की टर्निंग पर राजेंद्र कुमार के घर के सामने एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना क्यों हुई इसकी वजह सामने नहीं आ सकी है लेकिन ट्रेलर के दुर्घटना का समय से राजेंद्र के मकान की दीवार को नुकसान पहुंचा है। इसके ठीक बगल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान संचालित होती हैं जो नुकसान की चपेट में आने से बच गई। चुकी घटना अलसुबह हुई इसलिए जनहानि टल गई। इस घटनाक्रम को लेकर आसपास के लोग काफी नाराज हैं ।उन्होंने मांग की है कि इस रास्ते को भारी वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए। इसके लिए आवश्यक हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।



### मौके पर जुटे लोग

अमरैया बाईपास पर सड़क हादसे की जानकारी लोगों को तब हुई, जब उन्होंने किसी चीज के गिरने या टकराने की आवाज सुनी। इसके साथ ही आसपास में रहने वाले लोगों की नींद टूट गई। इसके साथ वे लोग भी सक्रिय हुए जो मॉर्निंग वॉक के लिए आसपास के क्षेत्र में निकले हुए थे। कुछ ही देर में मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई जो यह जानने को बेताब थी कि आखिर मौके पर हुआ क्या है और इसमें क्या कुछ नुकसान हुआ। घटना की खबर होने पर मानिकपुर पुलिस की टीम भी यहां पहुंची। बताया गया कि कारणों की जांच के साथ इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## देवलापाठ में लो वोल्टेज की समस्या

**कोरबा।** बरपाली क्षेत्र के निकट देवलापाठ गांव के नागरिक दिनों लोवोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। देवलापाठ में दो अलगअलग स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगे हुए है। यह ट्रांसफार्मर कम केबी का है। युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेन्द्र मिझंवार ने अधिक केबी वाले ट्रांसफार्मर लगाने की मांग लगातार करते रहे है। यहां के नागरिक बिजली की समस्या को देखते हुए कई बार अधिकारियों से मुलाकात भी कर चुके है। आधी तुफान के बाद भी कई बार बिजली गुल हो जाता है जिसके लिए लगातार प्रसास करने होते है। आने वाले दिनों में यहां के नागरिक नए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए और प्रसास करेगें।

## तोड़फोड़ को लेकर आक्रोश

**कोरबा।** गुरूघासीदास के जन्म स्थल पर जयस्तभ व गेट को क्षति पहुंचाए जाने को लेकर समाज को लेकर आक्रोश है। समाज के लोगो द्वारा एक बैठक भी आयोजित की गई थी। इस बैठक में कोरबा जिले के लखन लहरे, आत्माराम टंडन, गैसराम मिरी, कमलेश अंनत, जीएल बंजारे,सत्येन्द्र ढहरिया, विनोद ढहरिया भी शामिल हुए । इनके द्वारा मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। इनका कहना है कि पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगो को आरोपी बनाया है। लेकिन वे इस कार्रवाई से संतुष्ट नही है।

## एसकेएमस व बीकस की बैठक 27 को

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में एसकेएमएस की बैठक 27मई को जेपी कालोनी में बैठक रखी गई है। इस बैठक में सम्मेलन कराने पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में महामंत्री दिपेश मिश्रा, धर्मा राव, सुभाष सिंह, राजेश पाण्डेय,ए.के. झा राजीव श्रीवास्तव , उजल्लवल बनर्जी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।इधर बिजली कर्मचारी संघ की बैठक दर्री में 27 मई को आयोजित की गई है। जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में डी वेकंट राव, अजय मिश्रा मदनमोहन पाण्डेय केदार राठौर हेतराम खुटे मौजूद रहेगें। बिजली कर्मचारी संघ कोरबा पूर्व में भी एक बैठक लेकर समस्याओं पर ज्ञापन प्रबंधन को सौंपा जा चुका है। इस संबंध में संदीप राठौर व श्याम सुदंर खुंटे का कहना है कि ज्ञापन सौपने के बाद वें वार्ता का इंतजार कर रहे है।

## नौतपा ने दिखाया रंग

**कोरबा।** मौसम विभाग के संकेत के अनुसार नौतपा ने पहले ही दिन बढ़े हुए तापमान के साथ अपना असली रंग दिखाया है। चौतरफा तापमान में बढ़ोत्तरी से जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा। आगामी कई दिन लोगों को इसे बर्दाश्त करना होगा।

# भोजन के कुछ घंटे बाद तबीयत बिगड़ी, तीन की मौत

**कोरबा।** बुधवारी बाजार क्षेत्र में चल रहे डिजनीलैंड मेला में व्यवसाय करने यूपी से आए तीन युवकों की देर रात को तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई। भोजन करने के कुछ घंटे बाद ही उन्हें परेशानी हुई। मानिकपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतकों के नाम सुहैल खान 12 वर्ष, अनिल पांडेय 28 वर्ष और समीर खान 21 वर्ष बताए गए हैं जो यूपी के निवासी है। वे यहां डिज्नीलैंड मेला में काम करने आए थे। मौके पर कई प्रकार की दुकानें लगी हैं। संबंधित कर्मियों की अलग-अलग स्तर पर भोजन की व्यवस्था की गई है। खबर के मुताबिक पिछली रात को मेला संचालन का समय पूरा होने के बाद इन लोगों ने भोजन किया और सो गए। इसके कुछ घंटे बाद उन्हें उल्टी-दस्त शुरू हो गए। जिस पर मेले के सहकर्मियों ने चिंता की। संचालक को इसकी जानकारी हुई। आनन-फानन में पीड़ितों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मानिकपुर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है और जांच की बात कही है। पूरी समस्या भोजन के बाद हुई इसलिए माना जा रहा है कि युवकों की मौत के पीछे फूड प्वाइजनिंग एक कारण हो सकता है। इसलिए लोगों को सतर्कता बरतने को कहा गया है।

# जन सामान्य को राहत देने बांटा चना-शरबत



**कोरबा।** प्रेम कौर की स्मृति में गायत्री मंदिर चौक में चने और शरबत का वितरण किया गया। कुसमुंडा के गायत्री मंदिर चौक में रहने वाली स्वर्गीय प्रेम कौर की स्मृति में स्टॉल लगाकर गर्मी के मौसम में मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों को रोक रोक कर चना और शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ो लोगों ने समाज सेवा के इस कार्य मैं चना और शरबत ग्रहण किया। हेमा शर्मा ने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि हम इस चिलचिलाती धूप में लोगों की सेवा करें कार्यक्रम में मुख्य रूप से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और नारी शक्ति महिला मंडल की सदस्यों ने अपनी सेवा दी।

# ट्रेन का भरोसा नहीं, बसों में बढ़ रही भीड़



**कोरबा।** ग्रीष्मावकाश 15 जून तक घोषित किया गया है। स्कूल कॉलेज इस अवधि में बंद रहेंगे। अपने-अपने हिसाब से लोगों ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर योजना बनाई है। इसलिए विभिन्न मार्गों पर चलने वाली यात्री बसों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। कोरबा बस स्टैंड में इस प्रकार के नजारे देखने को मिल रहे हैं ।

इंटर स्टेट और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला के लिए यात्री बसों का संचालन कोरबा से हो रहा है। इनमें जनरल से लेकर सुपर डीलक्स स्टार की बसें शामिल हैं। प्रतिदिन हजारों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम पब्लिक ट्रांसपोर्ट कर रहा है। कोरबा मैं रेल सेवा की दुर्गति काफी समय से बनी हुई है और इस वजह से लोगों के शेड्यूल पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। रेल गाड़ियों की लेट लतीफी और उनके कभी भी समय पर डेस्टिनेशन पॉइंट्स पर नहीं पहुंचने के चलते लोगों को कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि समय के साथ लोगों ने यात्री बसों के विकल्प पर ध्यान दिया है। वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रम ना के बराबर है लेकिन दूसरे आयोजन में लोगों की भागीदारी बराबर हो रही है। ग्रीष्म अवकाश में यहां वहां जाने के लिए लोगों को अगले कनेक्शन पकड़ने के मामले में काफी दूरी बस के जरिए तय करनी पड़ रही है। यही कारण है कि कोरबा के बस स्टैंड में सुबह से शाम तक चलने वाली यात्री वर्षों में जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। बस स्टैंड में गर्मी के दृष्टिगत ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसका विस्तार करने की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

# जटगा पहुंचा 12 हाथियों का दल

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर व केंदई रेंज में सक्रिय हाथियों के दल में से 12 हाथियों का दल बीती रात अलग होकर जटगा रेंज अंतर्गत तेंदूबदार पहुंच गया।

हाथियों के इस दल को आज सुबह ग्रामीणों ने यहां के जंगल में वितरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया गया है। कल सुबह हाथियो के दल को गुरसिया जटगा मार्ग पर सड़क पार करते हुए देखा गया था। बताया जाता है कि जटगा पहुंचे हाथियों के झुंड के इसी दल केहोने की संभावना है। हाथियों ने फिलहाल यहां कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। लेकिन हाथियों के उत्पात के संभावना बनी हुई है। सो वन अमला सतर्क हो गया है। उधर केंदई रेंज के कापानवापारा व लालपुर क्षेत्र में हाथियों के दो झुंड घूम रहे है। वहीं एतमा नगर के पचरा क्षेत्र में डेढ़ दर्जन हाथियों की सक्रियता बनी हुए है। हाथियों का दल इन क्षेत्रों में काफी दिनों से जमा हुआ है। लेकिन कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचा रहा है। हाथी जंगल ही जगंल ही घूम रहे है। बीच बीच में एनएच पर पहुंचकर आवागमन को बाधित कर देता है।

# आगजनी कांड के बाद सफाई, छांटा जरूरी सामान

**कोरबा।** वर्ष 2022 के ग्रीष्मकाल में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नगर निगम के व्यावसायिक परिसर में आगजनी की घटना के बाद स्थिति सामान्य हो सकी है। एक बार फिर से परिसर में रौनक का वातावरण लौटा है। इधर परिसर के प्रथम तल पर संचालित साहब कलेक्शन की सफाई के बाद बर्बाद हुए कपड़ों की छटाई के लिए लोगों ने रूचि दिखाएं।

2 वर्ष पहले व्यावसायिक परिसर के नीचे के हिस्से में जंक्शन पॉइंट्स के पास केबल में स्पार्किंग के बाद भीषण आग लग गई थी जिसमें सभी दुकान बर्बाद हो गई। जबकि ऊपरी तल पर संचालित बैंक के कर्मियों ने काफी ऊंचाई से कूद कर जान बचाई थी। लंबा समय गुजारने के बाद नीचे के तल पर संचालित दुकानों का पुनर्निर्माण करते हुए उन्हें संचालन की प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया है।



इसी कड़ी में साहेब कलेक्शन की सफाई के दौरान काफी मात्रा में काफी हद तक जले हुए सामान निकाले गए। आज सुबह परिसर के बाहर इन्हें डंप किया गया। आसपास की बस्ती के लोगों ने अपनी जरूरत की चीज पाने के लिए यहां दिलचस्पी दिखाई। लोगों ने बताया कि जो सामान यहां पर मिला है उसका उपयोग साधारण तरीके से नहीं कर सकते लेकिन पोछा लगाने से लेकर यहां वहां की सफाई में प्रयुक्त हो ही सकता है।

## बरेठ समाज की बैठक पोड़ीबहार में

**कोरबा।** बरेठ समाज के जिलाध्यक्ष विलापराम कर्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को समाज की बैठक रखी गई है। बैठक में ईकाई की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष,जनाराम कर्ष, दिगम्बर कर्ष, गिरधारी बरेठ, संतोष कर्ष, अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।





# भूमि, जल, वायु तत्व को तेजोमय रखने की जरूरत

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी करें कम : कैप्टन मुकेश

**कोरबा।** भारतीय थल सेना से सेवानिवृत कैप्टन मुकेश अदलखा ने कहा है कि जिस प्रकार से ग्लोबल वार्मिंग जैसी परिस्थितियों निर्मित हो रही है और इसके कारण हालत लगातार प्रतिकूल हो रहे हैं इसके दृष्टिगत पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता हो गया है। सरकारी सिस्टम के भरोसे हम इस तरफ काम नहीं कर सकते बल्कि हर किसी को पर्यावरण की चिंता करनी होगी। ऐसा होने पर ही हम भविष्य के अच्छे होने की कल्पना कर सकते हैं।

पर्यावरण गतिविधियों के लिए इन दिनों काम कर रहे मुकेश ने अपने अभियान के साथ लोगों को जोड़ने की कोशिश भी तेज की है। पर्यावरण से संबंधित विभिन्न आयाम को लेकर जन जागरण करते हुए लोगों को बताने की कोशिश की जा रही है कि पूरे वैश्विक जगत के लिए पर्यावरण सबसे बड़ी चिंता है और इसे अनुकूल बनाने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रयास किए जाने होंगे। तरुण छत्तीसगढ़ से बातचीत में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तेजी से कटते वनों के कारण पर्यावरण असंतुलन जैसी स्थिति पैदा हो रही है और इसकी बड़ी कीमत कुल मिलाकर लोगों को ही चुकानी पड़ रही है। निश्चित रूप से विकास के लिए पेड़ों को मौके से साफ किया जा रहा है लेकिन मानव अपनी ओर से भरपाई करने के लिए प्रतिवर्ष मानसून के सीजन में अधिक संख्या में पौधों को लगाने और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभा सकता है। हालांकि इस तरफ सरकार काम कर रही है लेकिन सामूहिक प्रयासों के मुकाबले सरकार का



*अभियान के बारे में जानकारी देते हुए मुकेश अदलखा ( बाएं )।*

दायरा सीमित है। ग्रीष्म काल में पशु पक्षियों के जीवन को संरक्षित करने के लिए भी पूर्व सैनिक संघ कोरबा क्षेत्र में काम कर रहा है। कैप्टन अदलखा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों को पानी मुहैया कराने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं और इसके लिए जल पात्र की व्यवस्था लगातार की जा रही है। प्रसन्नता इस बात की है कि अभियान को हर तरफ लोगों ने सकारात्मक तरीके से लिया है और वह इसमें सहयोग करने आगे आ रहे हैं।

### रामायण पार्क प्रस्तावित

बताया गया कि रामचरितमानस में विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों का उल्लेख आया है और उनकी कुल संख्या 182 है। सभी नाम को सूचीबद्ध करने करने के साथ इस दिशा में आगे की योजना बनाई गई है। विचार है कि कोरबा जिले में रामायण पार्क बनाया जाए जिसमें संबंधित पौधों को लगाया जाएगा। बताया गया कि जहां कहीं भी पौधारोपण जैसे कार्य किये जा रहे हैं। उनके साथ रक्षा सूत्र और सामान्य पूजा के विधान शामिल किए जाएं। ऐसा करने से लोग सुरक्षा के प्रति सीधे भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे।

### अयोध्या में रौपे जाएंगे पौधे

पर्यावरण गतिविधियों के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर पूर्व सैनिक संघ बड़े स्तर पर काम कर रहा है। 9 जून को अयोध्या धाम में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के पौधों को रोकने के लिए संगठन काम करेगा। इनमें उत्तर, दक्षिण और पूर्व - पश्चिम में होने वाले ऐसे पौधों को शामिल किया गया है जो कुल मिलाकर सनातन पद्धति का मुख्य हिस्सा है और कहीं ना कहीं इनका उपयोग होता है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com